www.epaper.azadsipahi.in

24 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 97

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### भारत में अब 99.1 करोड़ मतदाता

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग (इसी) के आंकड़ों के अनुसार भारत में मतदाताओं की संख्या अब 99.1 करोड़ हो गयी है। पिछले साल लोकसभा चुनाव के समय यह संख्या 96.88 करोड़ थी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पहले जारी एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में 18-29 आयु वर्ग के 21.7 करोड़ मतदाता हैं और मतदाता लिंग अनुपात में छह अंकों की वृद्धि हुई है, जो 2024 में 948 से बढ़कर 2025 में 954 हो गयी है। हर साल 25 जनवरी को चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। चुनाव आयोग की स्थापना 1950 में इसी दिन हुई थी।

### धनकुबेर निकला बिहार का जिला शिक्षा अधिकारी

# बेतिया डीइओ के बिस्तर से मिले तीन करोड़ रुपये

- बोरी में ठूंस कर रखे थे नोट और गहने
- सात ठिकानों पर विजिलेंस की छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेतिया।** बिहार में बेतिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीइओ) रजनीकांत प्रवीण के पास से तीन करोड़ रुपये नगद और गहने बरामद किये गये हैं। विजिलेंस की टीम ने 40 सदस्यों के साथ रजनीकांत के सात ठिकानों पर गुरुवार सुबह एक साथ छापा मारा। टीम को रजनीकांत के घर में रखे बिस्तर में छिपा कर रखी गयीं नोटों से भरी बोरियां मिलीं। अधिकारियों को नोट गिनने वाली मशीन मंगानी पड़ी। उधर, मामले के खुलासे के बाद डीइओ को निलंबित कर दिया गया है।

**बेतिया आवास से लेकर ससुराल तक में छापेमारी :** डीइओ रजनीकांत प्रवीण नालंदा के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी सुषमा शर्मा बगहा, समस्तीपुर और दरभंगा में तीन स्कूल चलाती हैं। इन स्कूलों में भी विजिलेंस की टीम जांच करने पहुंची। डीइओ की साली पूनम शर्मा समस्तीपुर में ही श्रीकृष्णा हाइ स्कूल में शिक्षिका हैं। सास निर्मला शर्मा सेवानिवृत्त शिक्षिका हैं। पत्नी सुषमा समस्तीपुर के तिरहुत एकेडमी में शिक्षिका भी हैं। वह एजुकेशन लीव पर है। इस दौरान निजी स्कूल चला रही हैं।

**तीन साल से बेतिया में पदस्थापित हैं :** रजनीकांत पिछले तीन साल से बेतिया में पदस्थापित हैं। उनकी ससुराल समस्तीपुर में है। पिछले 20 सालों की सेवा के दौरान वह बगहा, मधुबनी और दरभंगा में भी पदस्थापित रहे हैं। इसलिए विजिलेंस टीम ने इन सभी जगहों पर एक साथ छापेमारी की।

**धनकुबेर के पास और धन मिलने की उम्मीद :** प्राप्त जानकारी के अनुसार धनकुबेर रजनीकांत के बेतिया वाले घर से सबसे अधिक नगद (तीन करोड़ रुपये) मिले हैं। अभी और नगद, जेवर, निवेश के कागजात हाथ लगने की उम्मीद जतायी जा रही है।

**क्लर्क के घर भी पहुंची टीम :** डीइओ के ठिकानों पर छापेमारी के कुछ देर बाद विजिलेंस की टीम बेतिया में डीइओ कार्यालय में कार्यरत क्लर्क अंजनी कुमार के घर पर भी पहुंची। वहां ताला लगा हुआ था। विजिलेंस को अंजनी के खिलाफ कुछ सबूत हाथ लगे, जिसके बाद कार्रवाई की गयी। अंजनी की तलाश की जा रही है।

**20 साल की नौकरी, करीब दो करोड़ की संपत्ति :** निगरानी विभाग के मुताबिक रजनीकांत प्रवीण ने साल 2005 से लेकर अब तक लगभग 1.87 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति उनकी 20 साल की सेवा के दौरान हुई आय से मेल नहीं खाती है।

## राजस्व उप निरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार



**बरवाडीह/लातेहार (आजाद सिपाही)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पलामू प्रमंडलीय कार्यालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बरवाडीह में कार्यरत राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक सुरेश राम को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश राम के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। एसीबी पलामू के एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर निगरानी की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मामले की छानबीन की। इसमें शिकायत को सही पाया गया। इसके बाद आरोपी सुरेश राम को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनायी गयी। गुरुवार को एसीबी टीम ने महिला को केमिकल लगे पैसे देकर सुरेश राम के पास भेजा। जैसे ही सुरेश राम ने पैसे हाथ में लिये, एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वादिनी ने बताया कि वर्ष 2024 में खरीदी गयी 30 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के लिए सुरेश राम ने एक लाख रिश्वत मांगी थी।

### हेमंत सोरेन ने सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

# नेताजी ने आजादी की लड़ाई को दी थी नयी ताकत : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर गुरुवार को उन्हें पूरे राष्ट्र ने नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची के नेताजी सुभाष चंद्र बोस उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि यह दिन हम सभी के लिए ऐतिहासिक है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे बीच एक ऐसी विभूति एवं पराक्रमी पैदा हुए, जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई को नयी ताकत दी थी। झारखंड, बिहार, बंगाल और ओड़िशा से नेताजी का खासा रिश्ता रहा है। यहां के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां से उनकी कई यादें जुड़ी हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि नेताजी के विचार और आदर्श आज भी लोगों की आवाज, आत्मविश्वास और ताकत को बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब तक यह देश रहेगा, नेताजी का नाम अमर रहेगा। नेताजी को शत-शत नमन।

# नामकुम में हाहाप के मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग, घायल

- अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए की गयी घेराबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र में हाहाप के मुखिया नन्हे कच्छप को अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार को गोली मार दी। गोलीबारी में मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इलाके की घेराबंदी की गयी है। ग्रामीण एसपी ने अस्पताल जाकर मुखिया से घटना की बाबत जानकारी ली। पता चला है कि अपराधी मुखिया के गांव का ही है। मुखिया के चेहरे पर गोली लगी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बाइक सवार दो अपराधियों ने अरविंद टेक्सटाइल के पास से गुजर रहे मुखिया पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और फरार हो गये।

**बंटवारे का विवाद :** नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि अब तक की जानकारी के अनुसार मुखिया का अपने गांव में ही बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। गोली मारने वाले अपराधी की पहचान भी हो गयी है।

### जेएसएससी-सीजीएल मामले की जांच का अपडेट, कोर्ट से आग्रह

# सीआइडी ने शिकायत करनेवालों के पांच मोबाइल दिलाने को कहा

- जब तक मोबाइल नहीं मिलेगा, नतीजे पर पहुंचना आसान नहीं

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के चर्चित जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में जांच कर रही सीआइडी को उन पांच मोबाइलों की दरकार है, जिनकी मदद से परीक्षा में पूछे गये सवालों के जवाब तैयार किये गये थे। इसके अलावा इन मोबाइल से ही परीक्षा की उत्तर पुस्तिका दूसरे अभ्यर्थियों को भी भेजे जाने का आरोप है।

मामले की जांच का जिम्मा सीआइडी को दिया गया है। उसने इसके लिए पांच अधिकारियों की एसआइटी गठित की है। इसी एसआइटी ने उन पांच मोबाइल की जरूरत बतायी है। ये मोबाइल रांची पुलिस ने जब्त कर रखे हैं।

इस संबंध में सीआइडी की ओर से संबंधित न्यायालय को एक अनुरोध पत्र दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जब तक मोबाइल नहीं मिलेगा, एसआइटी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पायेगी। मोबाइल में ही पेपर लीक के आरोपों से संबंधित साक्ष्य कैद हैं। साथ ही एसआइटी ने कुछ जब्त दस्तावेज जांच के लिए विधि विज्ञान प्रोयगशाला को भेजा है। बताते चलें कि 21-22 सितंबर 2024 को जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा हुई थी।

परीक्षा के कुछ ही दिन बाद पेपर लीक के आरोप लगने लगे। इस मामले की जांच 17 दिसंबर 2024 को सीआइडी को सौंप दी गयी थी। इसके बाद सीआइडी ने इस मामले में एसआइटी का गठन किया, जिसके पास 55 शिकायतें आ चुकी हैं।

उधर, कर्मचारी चयन आयोग ने इस मामले में 2229 अभ्यर्थियों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कर लिया है। हालांकि कोर्ट ने अंतिम परिणाम घोषित करने पर रोक लगा रखी है।

### क्या है जब्त किये गये मोबाइल में

पेपर लीक मामले में रातू थाना में राकेश कुमार ने एक मामला दर्ज कराया है। इसके बाद रांची पुलिस ने पांच मोबाइल जब्त किये। उस मोबाइल में पेपर लीक से संबंधित सवाल-जवाब हैं। इसमें कई वीडियो हैं, जिनमें दिख रहा है कि कुछ लोग उत्तर लिख रहे हैं, कुछ उसे दूसरे को फॉरवर्ड कर रहे हैं। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसी मामले में सीआइडी ने भी एक मामला दर्ज कर रखा है। इन दो एफआइआर की ही जांच एसआइटी कर रही है।

# कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है, हिंदू अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : भैयाजी जोशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद।** आरएसएस के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा है कि अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा कभी-कभी जरूरी होती है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत को शांति के रास्ते पर सभी को साथ लेकर चलना होगा। भैयाजी जोशी गुरुवार को गुजरात विश्वविद्यालय मैदान में हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हिंदू हमेशा अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम भी करने होंगे, जिन्हें दूसरे लोग अधर्म करार देंगे। ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने भी किये थे। महाभारत के युद्ध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों को ताक पर रख दिया। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंदू धर्म में अहिंसा का तत्व निहित है। लेकिन कभी-कभी हमें अहिंसा के विचार की रक्षा के लिए हिंसा का सहारा लेना पड़ता है, अन्यथा अहिंसा का विचार कभी सुरक्षित नहीं रहेगा। हमारे महान पूर्वजों ने हमें यह संदेश दिया था।

भैयाजी जोशी के मुताबिक भारत के लोगों को शांति के रास्ते पर सबको साथ लेकर चलना होगा। जो सबको साथ लेकर चलने में सक्षम है, वही शांति स्थापित कर सकता है। अगर कोई धर्म दूसरों को अपने-अपने धर्मों का पालन करने की अनुमति नहीं देता है, तो शांति नहीं होगी। भारत के अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं है, जो सभी को साथ लेकर चलने में सक्षम हो। उन्होंने कहा कि जब लोग खुद को हिंदू कहते हैं, तो इसमें कई पहलू शामिल होते हैं। यह एक धर्म, आध्यात्मिकता, विचारधारा, सेवा और जीवनशैली है। मानवता हिंदू धर्म के केंद्र में है और इसमें हमारे कर्तव्य, सहयोग, सच्चाई और न्याय शामिल हैं।

परमेश्वरी मेडिकल सेन्टर
A unit of Dr. J.P Singh Life Care Pvt. Ltd.
नहर चौक, चिनियां रोड, गढ़वा-822114 (झारखंड)
Mobile No. : 9334551102, E-mail : pmc.garhwa@gmail.com
Website: https://www.parmeshwarimedicalcentregarhwa.com
गढ़वा जिले का एकमात्र एडवांस सर्जिकल सेन्टर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दूरबीन विधि (Laparoscopy) से पित्त की थैली, हर्निया, अपेंडिक्स, पेट के ट्यूमर, बच्चेदानी एवं मूत्र नली की पथरी संबंधी ईलाज का एकमात्र संस्थान
Dr. Kumar Nishant Singh
MBBS, MS, FIAGES, FMAS, E-FIAGES
Laparoscopic & Endoscopic Surgeon
AIIMS नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त
Dr. Nitu Singh
MBBS, MD
Critical Care Specialist
उपलब्ध सेवाएं
ओ.पी.डी. (OPD)
आई.सी.यू. (ICU)
एन.आई.सी.यू. (NICU)
जेनरल सर्जरी/लेप्रोस्कोपी सर्जरी
स्त्री एवं प्रसूती रोग
नॉर्मल डिलेवरी एवं सीजेरियन ऑपरेशन
कैंसर सम्बन्धी रोग का उपचार/परामर्श
इनफर्टीकलिटी क्लीनिक (Infertility Clinic)
जले हुए मरीज का ईलाज (Burn Ward)
24 घंटे फॉर्मेसी (Pharmacy)
Laparoscopy Surgery
न्यूनतम दाग सर्जरी
Laparoscopy Gall Bladder Stone (दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी)
Laparoscopy Appendix (दूरबीन द्वारा अपेंडिक्स)
Laparoscopy Hernia (दूरबीन द्वारा हर्निया)
Total Laparoscopy Hysterectomy (दूरबीन द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन)
Ovarian Cyst (अंडाशय में गांठ)
Diagnostic Hysteroscopy & Laparoscopy (दूरबीन द्वारा बच्चेदानी की जांच व ऑपरेशन)
Ectopic Pregnancy (ट्यूब में बच्चे का होना)
DHL (ट्यूब की जांच व बंद ट्यूब खोलने का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन संभव)
24/7 Emergency Services
किडनी मरीजो के लिए विशेष डायलिसिस की सुविधा
विश्व स्तरीय आधुनिक ICU/HDU सेवा एवं Ventilator की सुविधा
24 घंटे आपातकालिन हेल्पलाईन 823 823 823 3
किसी भी तरह के Emergency सेवा के लिए
CIPACA
भारत की नंबर 1

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 75,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# बेहतरीन पहल: हीरा झारखंड की विरासत को सहेजेगा पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर

## ■ बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से लेकर ऐतिहासिक तमाड़ तक दिखेगी झारखंडियत की ताकत

## ■ झारखंड का टूरिज्म बड़ा आर्थिक स्रोत बन सकता है राज्य के लिए, गंभीरता दिखाने की जरूरत

## ■ झारखंड को एक्स्प्लोर किया ही कहां गया, दिख जायेगी ऐतिहासिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और प्रकृति की ताकत

## ■ सैकड़ों लोनावला-खंडाला समां जायेंगे झारखंड की खूबसूरती में, हिडन ट्रेजर को खंगालने की जरूरत

## ■ टूरिज्म के साथ-साथ सुरक्षा पर भी रहे हेमंत सरकार का विशेष फोकस

आजाद सिपाही विशेष

किसी भी समाज के लिए उसकी सांस्कृतिक विविधताएं और धरोहर अमूल्य होते हैं। जो समाज इन विविधताओं और धरोहरों को संजोने के काम में दिलचस्पी नहीं दिखाता है, वह धीरे-धीरे लुप्त होता जाता है। दुनिया के कई देशों के कई समाज इसी कारण के इतिहास की गर्त में समा गये। झारखंड भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहा था, क्योंकि ढाई दशक में इसकी संस्कृति को, धरोहरों को और परंपराओं को सहेजने के लिए जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह दिख नहीं रही थी। लेकिन अब पहली बार हेमंत सोरेन सरकार ने इस दिशा में गंभीरता से कदम आगे बढ़ाया है, ताकि झारखंडियत की ताकत को दुनिया को दिखाया जा सके। हेमंत सरकार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से ऐतिहासिक स्थल तमाड़ तक एक जनजातीय पर्यटन गलियारा विकसित करने का फैसला किया है, जिससे दुनिया इस जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा और इतिहास से परिचित हो सके। इस गलियारे के विकास से झारखंड में पर्यटन को नया आयाम तो मिलेगा ही, साथ ही इसके विकास के नये आयाम भी जुड़ेंगे। दुनिया जब झारखंड को देखेगी, तब उसे पता चलेगा कि इस ऐतिहासिक प्रदेश की समृद्ध विरासत पूरी मानव सभ्यता के लिए कितना अपरिहार्य है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और यदि इसे सही ढंग से विकसित किया जाये, तो फिर धरती का असली स्वर्ग भी यही बन जायेगा। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार की यह नयी पहल न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि झारखंड के भविष्य के लिए सुखद भी है। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जब आजाद सिपाही की टीम खरसावां से तमाड़ की और बढ़ रही थी तब रड़गांव होते हुए रांची-टाटा रोड निकली। इस बीच रैजमा घाटी का जो दृश्य था वह इतना अलौकिक था कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है। पहाड़ के ऊपर से दृश्य कुछ ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों कैलाश पर्वत के बीच में मानसरोवर। जंगल जितना खूबसूरत था उतना ही भयावह भी। पहले की नक्सली घटना दिलों दिमाग में छाने लगी। लेकिन यहीं तो सुरक्षा देनी है सरकार को। अगर टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा का भी विशेष फोकस हो तब झारखंड को टूरिस्ट हब बनने से कौन रोक सकता है। क्या है ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### ऐतिहासिक होगा झारखंड का पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर

झारखंड में पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर बनने जा रहा है। यह कॉरिडोर तमाड़ के अड़की से उलिहातु के बीच विकसित होगा। झारखंड का पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर झारखंड के विरासत को सहेजने का काम करेगा। इसके विकसित होने से पर्यटक भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली को भी देख सकेंगे। उनकी जिंदगी में झांक भी सकेंगे। उसका हिस्सा बन सकेंगे। पर्यटक यह भी समझ पायेंगे कि भगवान बिरसा मुंडा का त्याग, समर्पण किस स्तर का रहा। छोटी सी उम्र में अपनी माटी के लिए इतना प्रेम और समर्पण कि उस वक्त की सबसे ताकतवर शक्ति से टकरा जाना कोई सामान्य घटना नहीं। पर्यटन एवं कला संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का कहना है कि राज्य में शीघ्र ही ट्राइबल टूरिज्म और माइनिंग टूरिज्म शुरू किया होगा। उन्होंने विभाग के पदाधिकारियों को शीघ्र कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिये हैं। यह झारखंड के विकास में बड़ी भूमिका निभायेगा। पर्यटन से स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे, साथ ही राज्य सरकार को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। ट्राइबल टूरिज्म के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन और खानपान से पर्यटकों रूबरू भी होंगे। वहीं झारखंड में माइंस टूरिज्म को भी विकसित करने की योजना है। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य लोगों को खनन में हो रहे विकास से अवगत कराना है। यह भी जानना कि कैसे झारखंड अपना सीना चीर कर देश को रोशन कर रहा है। पर्यटन विभाग स्थानीय ग्राम समितियों की मदद से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं का विकास करेगा। राज्य में सीसीएल, बीसीसीएल की कई कोयला खदानें हैं। पर्यटन के विकास से स्थानीय झारखंडियों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। सरकार खनन साइटों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास करेगी।

### हिडन ब्यूटी को उजागर करना होगा

झारखंड, भारत का 28वां राज्य है, जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी। लैंड ऑफ फॉरेस्ट के नाम से मशहूर झारखंड जितना खूबसूरत है, उतना ही इसे एक्स्प्लोर करना अभी बाकी है। झारखंड की अलग संस्कृति और जीवनशैली की वजह यहां बड़ी संख्या में निवास करने वाले आदिवासी हैं। झारखंड की खूबसूरती और संस्कृति की चर्चा यहां के लोग तो किया करते ही हैं, या जिसने भी यहां की धरती पर कदम रखा, वह मंत्रमुग्ध होकर ही गया। लेकिन सही मायने में झारखंड को अभी पूरी तरह से एक्स्प्लोर नहीं किया गया है। झारखंड में कई ऐसे छिपे हुए खूबसूरत स्थान हैं, जो झारखंड की टूरिज्म में चार-चांद लगा सकते हैं। वैसे तो झारखंड की सड़कें बेहतरीन हैं। जंगलों के बीचों-बीच बढ़िया सड़कों का निर्माण हुआ है। इन्ही सड़कों पर चलते-चलते कई ऐसे स्थान मिल जायंगे कि आप हैरान हो जायेंगे कि झारखंड में ऐसी भी कोई जगह है। तब लगता है कि झारखंड को कितना कम आंका गया है। झारखंड की खूबसूरती को देखकर फिल्म सिटी निर्माण की बातें भी उठीं, लेकिन कभी काम आगे नहीं बढ़ पाया। यह झारखंड के लिए क्षति से कम नहीं, क्योंकि झारखंड में सिनेमाटोग्राफर जहां भी कैमरा ऑन करेगा, वहीं शॉट बन जायेगा। लेकिन किसी भी सरकार ने फिल्म सिटी को लेकर आवशयक कदम नहीं उठाया। आज लोग जब मुंबई जाते हैं, तो वे सबसे पहले लोनावला या खंडाला का जिक्र करते हैं, लेकिन झारखंड ऐसा राज्य है, जहां सैकड़ों लोनावला या खंडाला जैसी जगहें दिख जायेंगी। बस डेवलप नहीं होने के कारण या सही तरीके से एक्स्प्लोर नहीं होने के कारण झारखंड पिछड़ जाता है।



### अभी मात्र 10 प्रतिशत ही हुआ है एक्स्प्लोर

झारखंड में आज की तारीख में जितने भी टूरिज्म स्पॉट्स एक्स्प्लोर हुए हैं, वह सिर्फ 10 प्रतिशत मात्र हैं। जिस दिन यहां टूरिज्म के क्षेत्र में सही दिशा में काम होने लगेगा, तब पता लगेगा कि झारखंड टूरिज्म राज्य के लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक स्रोत बनेगा। यहां के लोगों के रोजगार के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा। बेतला नेशनल पार्क, हजारीबाग नेशनल पार्क और दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी से लेकर पंचघाघ वॉटर फॉल, दशम फॉल, हुंडरू फॉल या फिर जोन्हा फॉल जैसे अनगिनत वाटर फॉल झारखंड में हैं। गौतम धारा, पतरातू डैम, नेतरहाट से लेकर रजरप्पा का छिनमस्तिका मंदिर, 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक देवघर का बाबा बैद्यनाथ मंदिर, पारसनाथ की पहाड़ियां और उन पर बने जैन मंदिर। क्या नहीं है झारखंड में। यहां की खूबसूरत पहाड़ियां, आकर्षक झरने, भव्य मंदिर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेकिन झारखंड में जो सबसे ज्यादा प्रभावित करती है, वह है यहां के आदिवासियों की संस्कृति। कला से लेकर खान पान, रहन-सहन अपने आप में बड़ा सिखाती हैं। उनका इतिहास, उनकी शौर्य गाथाएं एक अलग ऊर्जा का अहसास कराती हैं। झारखंड का पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर उन्हीं गाथाओं को सहेजने का पहला कदम है। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू हेमंत सोरेन के नेतृत्व में और उनके विजन को ध्यान में रखकर बढ़-चढ़कर इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। झारखंड का पहला ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर एक मील का पत्थर साबित होगा। यह भगवान बिरसा मुंडा की शौर्य गाथा को समझने का बहुत बड़ा कारक बनेगा। यह झारखंड के वीरों को एक श्रद्धांजलि का केंद्र बनेगा। झारखंड में ऐसी कई जगहें हैं, जहां ट्राइबल कॉरिडोर बनाना चाहिए। भविष्य में इसका विस्तार भी होगा।

### ग्लास ब्रिज भी बनेगा

हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड में पर्यटन विकास का जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, वह बेहद महत्वाकांक्षी है। इसके तहत राज्य के ऐतिहासिक स्थलों के विकास की योजना है। राज्य के छह डैम मसानजोर, चांडिल, तेनुघाट, तिलैया, गेतलसूद और पतरातू डैम के आसपास पर्यटकों को हर तरह की जरूरी सुविधाएं दी जायेंगी। पर्यटन विभाग इसके लिए कार्ययोजना बना रहा है। ऐतिहासिक धरोहर पलामू किला की हालत बेहतर नहीं है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआइ) को राज्य सरकार पत्र भेजकर इस किले को संरक्षित करने का अनुरोध करेगी। पर्यटकों के अध्ययन के लिए हजारीबाग के मेगालिथ का विकास किया जायेगा। दशम, जोन्हा, नेतरहाट स्थित मैगनोलिया प्वाइंट, नेतरहाट के कोयल व्यू प्वाइंट, पतरातू वैली के सेल्फी प्वाइंट पर ग्लास ब्रिज बनाये जायेंगे। कोयल व्यू प्वाइंट में ग्लास टावर बनेगा। टूरिस्ट कॉरिडोर के साथ हर 25 किमी पर एक रेस्ट प्वाइंट बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। यहां आराम और जलपान की व्यवस्था की जायेगी। पर्यटन स्थलों की इन विकास योजनाओं के साथ ट्राइबल टूरिज्म कॉरिडोर बनने के बाद झारखंड में पर्यटन की संभावनाओं को पंख लग जायेंगे। इससे न केवल आर्थिक मदद मिलेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे और झारखंड की समृद्ध ऐतिहासिक परंपरा से दुनिया भी परिचित होगी।

---

# रेबिका पहाड़िन की हत्या के आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली

## मुस्तकीम अंसारी को बेल देने से किया इंकार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चर्चित रेबिका पहाड़िन की हत्या के आरोपी मुस्तकीम अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिल पायी है। मुस्तकीम ने अपनी जमानत याचिका के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था, लेकिन न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र की बेंच ने उसे बेल देने से इंकार कर दिया। इससे पहले, ट्रायल कोर्ट और हाइकोर्ट ने भी मुस्तकीम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। 2017 में रेबिका पहाड़िन की हत्या का मामला साहिबगंज के बोरिया थाना में दर्ज हुआ था, जो राज्य में चर्चा का विषय बन गया था। रेबिका का शव कई टुकड़ों में बरामद हुआ था।

# भाभी ने ही तीन लाख की सुपारी देकर करायी थी पिंटू की हत्या

## हजारीबाग डीसी ऑफिस में तैनात था देवर, संपत्ति को लेकर था विवाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग/बोकारो।** हजारीबाग डीसी ऑफिस में तैनात पिंटू कुमार नायक हत्याकांड का बोकारो पुलिस ने खुलासा कर दिया है। 12 जनवरी को पिंटू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या उसकी ही सगी भाभी सुनीता देवी (42) ने 3 लाख रुपये सुपारी देकर करवायी थी। सुनीता देवी और पिंटू के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था और इसी वजह से भाभी ने उसकी हत्या करवा दी।

पुलिस ने पिंटू की हत्या मामले में सुनीता देवी, छोटेलाल नायक (22), टिमा तुरी (36), राहुल कश्यप (32) और अजीत कुमार उर्फ सीताराम साव (29) को गिरफ्तार किया है। बोकारो के कसमार स्थित मधुकरपुर गांव में 12 जनवरी की रात 11 बजे अपराधियों ने घर में सोये पिंटू कुमार नायक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पिंटू कसमार स्थित अपने पैतृक आवास में खाना खाकर सोया था। तभी दो अपराधी छत से सीढ़ी के रास्ते पिंटू के कमरे में पहुंचे और सीने व कनपटी पर गोली मार दी। इसके बाद फरार हो गये। बोकारो एसपी के अनुसार, मृतक की भाभी ने संपत्ति विवाद के कारण अपनी बहन के बेटे छोटेलाल नायक से संपर्क किया। उसे पिंटू की हत्या की सुपारी दी थी। सुनीता देवी पिंटू के मर्डर का चार महीना पहले से प्लान बना रही थी। घटना के वक्त भाभी घर पर ही थी। जब अपराधी रात में आये तो सुनीता ने ही गेट खोला और उन्हें घर के अंदर ले गयी थी।



# ताज हुसैन को जेल में डाले पुलिस : रंगनाथ महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह जिला अंतर्गत पीरटांड़ थाना क्षेत्र के चिरकीडीह गांव की एक संथाल जनजाति लड़की पूजा हेंब्रम को उसी गांव के ताज हुसैन पिता-इजहार अंसारी के द्वारा पूजा हेंब्रम एवं उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी। धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए दबाव बनाने की घटना को बजरंग दल झारखंड प्रांत के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संज्ञान में लेकर एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि यदि चिरकीडीह मुस्लिम टोला के ताज हुसैन को गिरिडीह जिला प्रशासन शीघ्र गिरफ्तार कर उस पर संगीन धाराएं लगाकर कानूनी कार्रवाई नहीं करती है तो बजरंग दल के हिंदू नवजवान समस्त हिंदू समाज को साथ लेकर सड़कों पर उतरने को बाध्य होंगे और इसकी सारी जिम्मेवारी गिरिडीह जिला प्रशासन की होगी। आगे प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने यह भी कहा कि झारखंड में छल, बल, लोभ, लालच, प्रलोभन एवं किसी को डरा धमका कर धर्मांतरण करना झारखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम-2017 का खुला उल्लंघन है। कानून तोड़ने वाले को यदि प्रशासन संरक्षण या सहयोग देने का कार्य करेगी तो बजरंग दल भी अब हाथ बांधे चुप बैठने वाला नहीं है। आगे उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तक इस घटना के खिलाफ एक भी आदिवासी नेता का बयान नहीं आना दुःखद है। ऐसे नेता चंद वोटों की खातिर अपने ही समाज की बहन, बेटी, बहू एवं संस्कृति की आबरू तार-तार करवाने से पीछे नहीं हटते।




| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 29.2 °c | 12.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.29 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.32 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से केंद्रीय सरना समिति भारत के लोगों ने मुलाकात की

## ज्ञापन सौंप कर सरना आदिवासी समाज की समस्याएं दूर करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति, भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सरना आदिवासी समाज की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपकर उसके निदान की दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में सरकार सभी वर्ग तथा समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के हर वर्ग और तबके के लोगों को सशक्त और आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है, क्योंकि बिना समाज को मजबूत किये राज्य को मजबूत नहीं कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरना आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृति को संरक्षित करने के साथ उनके हक-अधिकार को देने के लिए हमारी सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री से भेंट करनेवालों में केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, अमर उरांव, राजू मंडल, शिवा कच्छप, प्रदीप तिर्की, सोनू मुंडा, झरी मुंडा, राजेश तिर्की, हेमंत गाड़ी, चिंतामणि सांगा, सुलोचना खालखो, सावित्री कच्छप, लाली कच्छप, संजना उरांव, मधु तिर्की, प्रीति कच्छप और सायरा कच्छप प्रमुख रूप से शामिल थे।

# राज्यपाल ने नेताजी को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें नमन किया। राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया और कहा कि उनकी देशभक्ति और राष्ट्र के लिए त्याग हर भारतीय को प्रेरित करता रहेगा।

# सुभाष चंद्र बोस को कल्पना ने भी दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती है। महान क्रांतिकारी और आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी के त्याग और बलिदान को पूरा देश याद कर रहा है। उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। रांची समेत झारखंड के अलग-अलग जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आम से लेकर खास लोग 'नेताजी' को अपने-अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। गांडेय की विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आजादी के संघर्ष के दौरान दिये गये नेताजी के नारों का जिक्र किया है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद' जैसे ओजस्वी नारों से देशभक्ति की अलख जगाने वाले महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर शत- शत नमन।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मिलेट मिशन की क्रांति भविष्य की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मंत्री ने बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया**

**झारखंड में मिलेट मिशन के तहत किसानों को 3 हजार रुपया प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही**

**बेंगलुरु।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेंगलुरु में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने मोटा अनाज की क्रांति को आने वाले भविष्य की जरूरत बताया। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड और कर्नाटक दोनों राज्यों में मिलेट की खेती की परंपरा है। उन्होंने कहा कि मिलेट को एक समय में गरीबों का भोजन कहा जाता था, लेकिन आज लोग इसकी जानकारी ले रहे हैं और इसे बड़े चाव से खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मिलेट पॉलिसी के तहत किसानों को मोटा अनाज की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड मिलेट मिशन के तहत किसानों को 3 हजार रुपया प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मोटा अनाज की क्रांति आने वाले भविष्य की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड और कर्नाटक मिलकर मोटा अनाज की खेती को बढ़ावा दे सकते हैं।

# जनप्रतिनिधियों पर हमला, कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किये हैं। सोशल मीडिया पोस्ट कर कहा है कि रांची के नामकुम प्रखंड स्थित हाहाप पंचायत के मुखिया नन्हें कच्छप पर गुरुवार को हुई गोलीबारी ने एक बार फिर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। जनप्रतिनिधियों के ऊपर बढ़ते जानलेवा हमले प्रदेश की पंगु कानून व्यवस्था का हाल बयां कर रहे हैं। कुछ माह पहले ही धुर्वा में पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इसके बावजूद सरकार और पुलिस विभाग ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया। सीएम से कहा कि दुर्दांत अपराधियों पर कठोर कार्रवाई करिये, तभी प्रदेश की जनता सुख चैन से रह सकती है।

## आइएएस के बेटे के फर्जी प्रमाण पत्र पर विवाद: भाजपा ने उठाये चार बड़े सवाल

# आइएएस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने पर सरकार चुप क्यों : अजय शाह

**भाजपा का आरोप: बड़े अधिकारियों के लिए अलग कानून, आम जनता के लिए अलग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची नगर निगम में एक आइएएस अधिकारी के बेटे के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है, जिसके बाद झारखंड सरकार ने एक प्रेस नोट जारी कर अपनी सफाई पेश की है। गुरुवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने सरकार से चार महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि आइएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के एक जन्म प्रमाण पत्र को वैध माना गया है, जबकि अन्य को निरस्त कर दिया गया है। अजय साह ने आगे कहा कि झारखंड में कानून के राज का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। आम जनता और बड़े अधिकारियों के लिए अलग-अलग कानून लागू किये जा रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को गंभीरता से जांचने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस पर पहला सवाल यह है कि रांची नगर निगम ने तीन में से किस प्रमाण पत्र को वैध ठहराया और किन्हें रद्द किया? साथ ही, यह निर्णय किस आधार पर लिया गया कि कौन सा प्रमाण पत्र असली है और कौन सा फर्जी? दूसरा सवाल यह उठता है कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करते समय एक शपथ पत्र देना अनिवार्य होता है। यदि फर्जी शपथ पत्र दिया गया था, तो क्या नगर निगम ने संबंधित आइएएस अधिकारी के खिलाफ फर्जीवाड़े का मामला दर्ज किया है? तीसरा सवाल है कि नगर निगम के उस अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गयी जिसने तीन अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किये और उन्हें सत्यापित किया? चौथा और अंतिम सवाल यह है कि जिस ऊंचे पद पर संबंधित आइएएस अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं, उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कौन सी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गयी है? क्या ऐसे अधिकारी के भरोसे झारखंड का पूरा वित्त विभाग चलाया जायेगा?

### छात्रों के साथ खड़ा होना गुमराह करना है तो भाजपा अगले पांच साल तक करती रहेगी

**अजय साह ने एसएससी सीजीएल परीक्षा पर कहा कि यह पूरी प्रक्रिया एक बड़ा धोखा और फर्जीवाड़ा है। उन्होंने सरकार को चुनौती दी कि यदि किसी भाजपा नेता की इसमें संलिप्तता है, तो ठोस सबूत पेश किये जायें, न कि मनगढ़ंत आरोप लगाये जायें। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि जेएमएम के अनुसार छात्रों के साथ खड़े होना उन्हें गुमराह करना माना जाता है, तो भाजपा इस तरह का गुमराह अगले पांच साल तक करती रहेगी।**

# परंपरा तोड़ परिवर्तन लाने वाले महामानव थे सुभाष चंद्र बोस: डॉ रवींद्र कुमार राय

**सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा रांची स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने पुष्प अर्पित किये। डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक महानायक थे, जिन्होंने भारत की राजनीति और स्वतंत्रता आंदोलन को नयी दिशा दी। परंपरा तोड़ परिवर्तन लाने वाले सुभाष चंद्र बोस महामानव थे। झारखंड की धरती से सुभाष जी का गहरा संबंध है। आजाद हिंद फौज की स्थापना कर उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई को नयी दिशा दी। आज के पुण्य अवसर पर उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए झारखंड वासी विकसित झारखंड बनाने का संकल्प लेते हैं।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर होगा राज्य स्तरीय समारोह

## तैयारियों का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**अन्य जिलों से आने वाले बीएलओ के आवागमन एवं आवासन की व्यवस्था का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 25 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल झारखंड को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाना है। श्री कुमार गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के क्रम में उक्त बातें कहीं।

के रवि कुमार ने पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अन्य जिलों के उपायुक्त, पदाधिकारी एवं बीएलओ भी सम्मिलित होंगे। निर्वाचन में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया जाना है। उनके आने-जाने एवं ठहरने की व्यवस्था को पूर्ण कर लिया जाये। कार्यक्रम में कॉलेज एवं एनएसएस के बच्चे, नये मतदाता, वृद्धि मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता आदि भी सम्मिलित होंगे, उन सब के लिए पेयजल, शौचालय एवं भोजन आदि की व्यवस्था का पदाधिकारी विशेष ध्यान रखें।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि कार्यक्रम में लोगों को निर्वाचन के दौरान हुए कार्यों एवं बीएलओ के प्रयासों से अवगत कराने के उद्देश्य से वीडियो, बैनर आदि का डिस्प्ले किया जाये साथ ही सम्मानित होने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों एवं बीएलओ के स्वागत की भी व्यवस्था की जाये।

इस अवसर पर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, रांची जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन उपस्थित रहे।

## आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की निलंबन वापसी और पोस्टिंग पर उठाये सवाल

# संविधान की कॉपी हाथ में लेकर घूमने वाले राहुल गांधी जवाब दें : रविशंकर प्रसाद

**केंद्रीय कार्यालय नयी दिल्ली में प्रेस वार्ता कर इंडी गठबंधन के तहत चलनेवाली राज्य सरकारों पर सवाल उठाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडी गठबंधन की सरकारों की प्रशासनिक शुचिता पर गंभीर सवाल उठाये हैं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय नयी दिल्ली में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के तहत चलनेवाली राज्य सरकारों पर सवाल किया है। उन्होंने झारखंड की आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद हेमंत सरकार द्वारा निलंबन वापसी करने और फिर पदस्थापन की प्रत्याशा में कार्मिक में पोस्टिंग करने पर सवाल उठाया है।

उन्होंने कहा कि पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में 28 महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। पीएमएलए अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किये थे। पिछले 28 महीने से जेल में रहने के बाद दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गयी और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और उन्हें बहाल कर दिया गया।

रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को इस मामले में जवाब देना होगा और राहुल गांधी से भी जवाब मांगा है। उन्होंने कहा मेरा सवाल राहुल गांधी से है जो संविधान को हाथ में लेकर घूमते हैं। हम इसकी निंदा करते हैं और कांग्रेस की ओर से एक जवाब की मांग करते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## स्वास्थ्य विभाग में 700 करोड़ रुपये के घोटाले की आशंका : सरयू राय



रांची (आजाद सिपाही)। जदयू विधायक सरयू ने एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस विभाग में 700 करोड़ रुपये के घोटाले की आशंका जतायी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि कोविड काल में आपदा राहत कोष से मिले करीब 700 करोड़ रुपये के खर्च का हिसाब स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। इसमें घोटाला की आशंका है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से इसकी जांच कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि संबंधित पदों पर लंबे समय से कुंडली मारकर बैठे अधिकारियों को तुरंत हटायें। इसके बिना जांच संभव नहीं है।

# रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के खेलगांव ओपी क्षेत्र के बाबा चौक के पास गुरुवार को एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने रांची जेल के दो सुरक्षाकर्मियों को कुचल दिया। घटना में एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गयी। जबकि दूसरा जेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल सुरक्षाकर्मी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### खेलगांव से जेल जाने के क्रम में हादसा

बताया जा रहा है कि दोनों ही सुरक्षाकर्मी जेल में ड्यूटी करने के लिए बाइक पर सवार होकर बाबा चौक होते हुए रांची जेल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने दोनों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि रांची जेल में तैनात सुरक्षाकर्मी 49 वर्षीय समीर कुमार राय की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं, दूसरे जेल सुरक्षाकर्मी चंद्र देव गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गये।

### आर्मी से रिटायर होकर जेल में थे तैनात

खेलगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दोनों सुरक्षाकर्मियों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने समीर कुमार राय को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल चंद्रदेव का इलाज चल रहा है। मृतक समीर राय और घायल चंद्रदेव भारतीय सेना से रिटायर होकर रांची जेल में बहाल हुए थे। दोनों कर्मी नामकुम में रह रहे थे।

### वाहन की खोज जारी

सुरक्षाकर्मियों को जिस वाहन ने कुचला है, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पायी है। घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे को पुलिस खंगाल रही है ताकि चार पहिया वाहन का पता लगाया जा सके।

# जमीन कारोबारी हत्याकांड का हुआ खुलासा, शूटर सहित चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जमीन कारोबारी मधुसूदन राय उर्फ मधु राय हत्याकांड का खुलासा रांची पुलिस ने कर दिया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हत्याकांड की साजिश रचने वाले और एक शूटर सहित कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 15 दिसंबर 2024 को मधुसूधन राय की नामकुम इलाके में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। जमीन कारोबारी मधुसूधन राय के हत्या की साजिश रचने और हत्याकांड को अंजाम देने वाले अपराधी गिरफ्तार कर लिये गये हैं। 15 दिसंबर 2024 को रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित रामपुर के पास जमीन कारोबारी मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने एसआइटी का गठन किया था।

# सुभाषचंद्र बोस के विचारों को जन-जन तक पहुंचायें : राजीव रंजन मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को झारखंड छात्र परिषद के द्वारा ज्योति पब्लिक स्कूल में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता लंकेश सिंह ने की एवं संचालन मनीष कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा मुख्यरूप से उपस्थित थे। श्री मिश्रा ने सुभाषचंद्र बोस की प्रतिछाया पर पुष्प अर्पित किया। श्री मिश्रा ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं एवं उनके बताये मार्ग पर चलें। श्री मिश्रा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस जो नेता जी के नाम से भी जाने जाते हैं, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। इस अवसर पर गोपाल पारीक, राहुल सिन्हा चंकी, वेणु गोपाल, रंजीत चौरसिया, इंदर सिंह, अविनाश आनंद, प्रकाश पाल, छोटू सिंह, अमित मिश्रा, रवि, ज्योति साहू, मनीष कुमार सहित सैकड़ों सदस्य शामिल थे।

# मेरा युवा भारत ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेरा युवा भारत (नेहरू युवा केंद्र, रांची) के तत्वावधान में विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से गुरुवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक ललीता कुमारी रही। राज्य निदेशक ललीता कुमारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ युवाओं ने भाग लिया। सभी युवाओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का नारा लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, एनसीसी के सीटीओ अवध, रजनीश रंजन, वीरेंद्र कुमार, सिद्धांत कुमार, विश्वजीत, नितीश, एनसीसी टीम लीडर नीतू और विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन एवं एनसीसी के स्वंसेवक उपस्थित रहे।

# छोटे रसोइयों की बड़ी सोचः सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फायरलेस कुकिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए एक मजेदार इंटर-हाउस हेस्टी-टेस्टी फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। बच्चों ने अलग-अलग स्वादिष्ट और अनोखे व्यंजन बनाये। इन व्यंजनों में रंगीन सलाद, मिठाइयां, सैंडविच, मॉकटेल और डेजर्ट शामिल थे। बच्चों ने इन व्यंजनों को सुंदर तरीके से सजाया और स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा। इस प्रतियोगिता से बच्चों में नयी चीजें बनाने की रचनात्मकता, मिलकर काम करने की आदत और सेहतमंद खाने की समझ बढ़ी। इस प्रतियोगिता में ऋग्वेद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अथर्वेद हाउस ने द्वितीय और सामवेद हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों को सीखने और अपनी कला को पढ़ाई में जोड़ने का मौका देती हैं।

# भाजपा रांची महानगर ने सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती (पराक्रम दिवस) के शुभ अवसर पर कचहरी चौक स्थित सुभाष पार्क में उनकी प्रतिमा पर भाजपा रांची महानगर की ओर से पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम की अगुवायी भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए बताया कि नेता जी का मानना था कि केवल अहिंसात्मक आंदोलनों से भारत को स्वतंत्रता नहीं मिल सकती। उन्होंने सशस्त्र संघर्ष की आवश्यकता को महसूस किया और भारतीय राष्ट्रीय सेना का गठन किया, ताकि अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा, झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय, वरुण साहू की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बसंत दास, कमाल खान, जितेंद्र वर्मा, अनिता वर्मा, विकाश रवि, अजीत भगत, विनोद महतो, तरुण जयसवाल, लक्ष्मी चंद दीक्षित, पायल सोनी, अरुण चंद गुप्ता के साथ भाजपा रांची महानगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संत जेवियर्स कॉलेज में नेताजी की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में गुरुवार को पराक्रम दिवस के अवसर पर 1/3 कॉय 3 जेएच बटालियन एनसीसी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद नेताजी की जीवन यात्रा और देश की आजादी में उनके योगदान और उनके दृष्टिकोण जैसे वीडियो प्रदर्शन और भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 242 कैडेट उपस्थित थे, जिनमें 140 एनसीसी कैडेट, 57 एनएसएस कैडेट और 45 बीएड छात्र शामिल थे। कैडेटों को स्वतंत्रता के महत्व के बारे में सिखाया गया कि स्वतंत्रता मुफ्त में नहीं मिलती है। इस देश को स्वतंत्र कराने के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। कार्यक्रम के अंत में एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने समापन भाषण दिया और कैडेटों को बताया कि कोई अपने देश की सेवा कैसे कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि आप केवल वर्दी में ही देश की सेवा कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था रांची महानगर के तत्वावधान में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती रांची देवी मंडप रोड हेसल सरोवर नगर रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा कमांड झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू, भूतपूर्व सैनिक दिनेश्वर पाठक ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। मनोज कुमार 'पुट्टू' ने बताया कि आजादी हमें खैराती में नहीं मिली है। इसके लिए कितने लोगों ने अपनी जान गवां दी और वतन के लिए मर मिटे। हमें उनकी शहादत को नहीं भूलना चाहिए। उनमें से एक क्रांतिकारी नेताजी भी थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और इसकी मदद से अंग्रेजों के खिलाफ जोरदार संघर्ष किया। नेताजी का व्यक्तित्व और उनके विचार हम सब के लिए अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर बच्चों के बीच चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही सभी बच्चों को उपहार दिया गया और तिरंगा पट्टा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक दिनेश्वर पाठक, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड अध्यक्ष झारखंड प्रदेश मनोज कुमार पुटू, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के महिला विंग की पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष स्वेता आर्या,अनुषा कुमारी, युवा विंग के आयुष कुमार, मुन्ना कुमार, सत्यम कुमार, हर्ष राज, बिनीत कुमार सिंह, रवि श्रीवास्तव, शिव शंकर पाठक उपस्थित थे।

# राउत, मेहतर समाज का महासम्मेलन आयोजित

## सरकार से सफाई कर्मी आयोग का गठन करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राउत, मेहतर समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुमार की अध्यक्षता में एक महासम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आये सैकड़ों पदाधिकारी और रांची जिला के सैकड़ों समाज के भाई-बंधु उपस्थित थे। सम्मेलन में सरकार से कई मांगें की गयीं, जिनमें राउत शब्द को सरकार की सूची में मेहतर के जगह परिवर्तित करने, सफाई कर्मी आयोग का गठन करने, मेहतर समाज के लोगों को जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने, भूमिहीन को जमीन देने, सरकारी आवास और योजनाओं का लाभ देने शामिल हैं। इसके अलावा, सम्मेलन में ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने और उच्च शिक्षा के लिए बिना शर्त शिक्षा लोन देने की मांग भी की गयी। प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कहा कि गरीब व्यक्ति ही सफाई कर्मी का काम करता है, जिसे समाज में सम्मान नहीं मिलता। उस काम को भी करने के लिए ठेकेदारी प्रथा लागू किया गया है। यानी कमजोर को और सताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदारी प्रथा खत्म किया जाये नहीं तो उनके बच्चों का भविष्य और अंधकार में चला जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है, तो भविष्य में आंदोलन किया जायेगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर की संगठन का निर्माण किया गया, जिसमें यूपी के राजेश रावत को कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

झारखंड चतरा जिला के श्याम प्रकाश को कार्यवाहक सचिव, रामगढ़ जिला के प्रकाश कुमार को कार्यवाहक कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजीव कुमार जिला रांची, निशांत कुमार को उप राष्ट्रीय सचिव जिला धनबाद, प्रदेश कमेटी के द्वारा प्रदेश के सहमति से पिंकू कुमार को प्रदेश मीडिया प्रभारी, संजय उर्फ पप्पू जी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस कार्यक्रम में यूपी से राजेश कुमार, पलामू से संरक्षक अशोक गुरुजी, पलामू प्रमंडल अध्यक्ष संतान संतान, ललन,सचिव बबन रावत, जीतू हजारीबाग से, धनबाद से जिला अध्यक्ष विजय, इसके साथ अन्य जिला पदाधिकारी, रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद राम, कोषाध्यक्ष मुकेश राम, पूरण राम, युवराज जी, रवि जी, प्रभारी प्रदीप राम सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी

रांची (आजाद सिपाही)। आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर रांची में राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने भी नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में दिनेश्वर पांडेय, भगवान राम, अशोक चौधरी, मो शमीम अंसारी, मन पांडेय, प्रदीप राम पहलवान जी, गया यादव, डॉ अशोक सिंह, संतोष श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, सनोज कुमार गोस्वामी, राकेश सिंह, मुकेश वर्मा, रंजीत गुप्ता, मनोज कुमार पासवान, बिट्टू सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

# अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर गुरुवार को कोकर जतरा टांड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन और खाद जन वितरण व उपभोक्ता मामले कांके नगर शहरी क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि राजू राम के नेतृत्व में गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा और विशिष्ट अतिथि राजीव रंजन प्रसाद, गो सेवा आयोग, उज्जवल प्रकाश तिवारी, सदस्य बाल अधिकार संरक्षक शरिक हुए। इस मौके पर कोकर प्रखंड कांके विधायक प्रतिनिधि कुमार कौशल, अमित कुमार चौरसिया कांके विधायक प्रतिनिधि, राकेश सिंह ई गर्वनेंस कांके विधायक प्रतिनिधि, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, संयोजक प्रकाश राम, विकास सिंह, दिलिप वर्मा, सम्राट चटर्जी, विनोद सिंह, अरविंद हजारा, दिलीप सिंह, प्रीति सांगा, स्मृति तिरंगा, इंद्राणी, संगीता देवी, मीना देवी, मनोहर, विजय, अजय राम, बसंत पासवान, सहित अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## जसपुरिया बीएड कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 का समापन

# जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक : जैलेंद्र कुमार





### नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आयोजित किया गया था समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जसपुरिया बीएड कॉलेज, बीसा, में गुरुवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह 2025 का समापन हुआ। यह समारोह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था। समारोह का उद्घाटन जसपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष सह पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जैलेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राहुल सिंह, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा और निदेशक डॉ शालिनी प्रिया भी उपस्थित थे। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिनमें इंटर हाउस बैडमिंटन टूर्नामेंट, थ्रेड एंड नीडल रेस, और इंटर हाउस वॉलीबॉल टूर्नामेंट शामिल थे। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न हाउसों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिये गये। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जैलेंद्र कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया और कहा कि खेलकूद जीवन में शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस समारोह को सफल बनाने में सहायक आचार्यों विभा कुमारी, डॉ. प्रियंका शर्मा, प्रवीण सिंह कुशवाहा, गीता महाराज, रीमा उपासना कच्छप, साजिब कुमार, डॉ. मुन्नारम महतो, प्रभा हेनरी, पूजा कुमारी, रंचन कुमारी, रश्मि कुमारी, मनोहर सिंह, और महफूज अंसारी सहित अन्य स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल 44 अधिकारियों और कर्मियों को पदक देकर सम्मानित करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष गंगवार राज्य के 44 अधिकारियों-कर्मियों को पदकों से अलंकृत करेंगे। ये वहीं पदक हैं, जिन्हें पूर्व में विभिन्न अवसरों पर राष्ट्रपति और केंद्रीय गृहमंत्री ने घोषित किया था। इन पदकों में 15 अगस्त 2023 और 26 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति के हाथों सराहनीय सेवा के लिए 23 अधिकारियों, कर्मियों को व वीरता के लिए मिले छह अधिकारियों-कर्मियों के पदक शामिल हैं। वहीं, 15 अधिकारियों-कर्मियों को वर्ष 2023 में केंद्रीय गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक 2023 घोषित हुए थे, उससे भी संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल अलंकृत करेंगे। पुलिस मुख्यालय ने अलंकृत होने वाले सभी पदाधिकारियों-कर्मियों, जवानों को यूनिफार्म में उपस्थित रहने के लिए आदेश दिया है। सराहनीय सेवा पदक 15 अगस्त 2023 को घोषित- प्रभात कुमार (आइजी विशेष शाखा), दारोगा साक्षर सुरेंद्र कुमार सिंह (जैप-6 जमशेदपुर), एएसआइ आपरेटर मनोरंजन कुमार सिंह (संचार एवं तकनीकी सेवाएं), हवलदार हेमंत कुमार बैठा (जैप-2 टाटीसिल्वे), हवलदार सिकंदर राय (झारखंड जगुआर), हवलदार जलहा उरांव (खूंटी), हवलदारा नाजिर हुसैन (जैप-6 जमशेदपुर), हवलदार जीतलाल नायक (आइआरबी-5 गुमला), हवलदार रवींद्र कुमार सिंह (आइआरबी-5 गुमला), सिपाही सचिन सुब्बा (झारखंड जगुआर) व सिपाही राजू सिंह क्षेत्री (झारखंड जगुआर)। 26 जनवरी 2024 को घोषित- होमकर अमोल वीनुकांत (आइजी अभियान), परवेज आलम (डीएसपी एसीबी), एएसआइ एतवा उरांव (झारखंड जगुआर), हवलदार जीवन ज्योतिष तिर्की (झारखंड जगुआर), हवलदार संतोष कुमार (झारखंड जगुआर), एएसआइ भीमलाल महतो (जेएपीटीसी, पदमा), एएसआइ तारामणी टेटे (गढ़वा), हवलदार चक्रधर कुमार महतो (जैप-10, होटवार), हवलदार सिलवेस्टर केरकेट्टा (जैप-2), महिला सिपाही कविता विवेक (जैप-10 होटवार), हवलदार राम बहादुर (जैप-1) व हवलदार अनिल दास (गुमला)।वीरता के लिए पुलिस पदक15 अगस्त 2023 को घोषित- एएसआइ जितेंद्र कुमार (चाईबासा), एएसआइ सुधीर कुमार (खूंटी), दारोगा शैलेंद्र कुमार सिंह (सिमडेगा), पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार (गुमला), दारोगा कुंदन कुमार (गुमला) व सिपाही नितेश कुमार सिंह (गुमला)। केंद्रीय गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक-2023 होमकर अमोल वीनुकांत (आइजी अभियान), राज कुमार लकड़ा (आइजी जैप), अनूप बिरथरे (आइजी एसटीएफ), शिवानी तिवारी (एसपी, सीबीआइ), अंजनी अंजन (एसपी एसीबी), दारोगा गौतम कुमार (लातेहार), दारोगा जमील अंसारी (लातेहार)सिपाही मनोहर राम (लातेहार), अंजनी कुमार झा (एसपी जेपीए हजारीबाग), विवेकानंद सिंह तत्कालीन एएसपी अभियान गढ़वा (गढ़वा जिला, पैतृक संगठन सीआरपीएफ), हवलदार राजकुमार उरांव (गढ़वा), सिपाही रतन कुमार यादव (गढ़वा), कमलेश कुमार सहायक समादेष्टा (झारखंड जगुआर), पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह (झारखंड जगुआर) व सिपाही विष्णु शंकर (झारखंड जगुआर)।

## रांची ने टीम चैंपियनशिप का खिताब जीता

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सीएमपीडीआइ अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 के मेजबान टीम क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची ने टीम चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की टीम 112 अंकों के साथ विजेता और वहीं क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की टीम 87 अंक पाकर उप-विजेता रही। इस समारोह के मुख्य अतिथि सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/इएस) अजय कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर मुख्यालय-रांची के महाप्रबंधक (गन्वेषण) आरके सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक (उत्खनन ) कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडंबार के अलावा मुख्यालय और क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। वहीं इंडीविज्युअल चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल, महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी जबकि पुरुष वेटरन वर्ग में मुख्यालय के बीरो मुंडा को प्राप्त हुआ।

ज्ञात हो कि इस तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 में सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) रांची सहित इस क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल, क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद, मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची, क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर, संस्थान-5-बिलासपुर, क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली एवं क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीमों ने हिस्सा लिया।

## द यूनियन क्लब और लाइब्रेरी में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** द यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण हुआ। 23 जनवरी के दिन ही 11:50 बजे सुभाष चंद्र बोस का जन्म हुआ था। इसके साथ ही लाइब्रेरी के 160 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बंगाली समुदाय द्वारा पौने आठ फीट की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा भी स्थापित की गयी। इससे पहले संत अन्ना स्कूल की छात्राओं ने बैंड की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बंगाली समुदाय की महिलाओं ने शंख बजाकर आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। भारत की आजादी के पहले और बाद में सुभाष चंद्र बोस का युवाओं से गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने देश को एक नयी पहचान दिलायी। आजादी के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। उनका प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, भारतीय समाज में एक मील का पत्थर साबित हुआ था।

## कोकर में भव्य भजन संध्या का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जय सनातन एवं हनुमान मंदिर चूना भट्ठा कोकर के द्वारा श्री राम जन्मभूमि की पहली वर्षगांठ पर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कलाकारों में जितेंद्रनाथ, बुबई रॉय, पीटर दा, विष्णु, प्रेम भाई, कुणाल दुबे और गायकों में उमेश चंद्र, अंबुज राय, सुदामा, अनिल तिवारी, स्वेता कुजूर, नैतिक कुमार मुकेश वर्मा, ज्योतिष वर्मा और सुजाता मजूमदार ने भक्ति के रस से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। संस्था की ओर से कोठारी बंधु सम्मान कैलाश केशरी (विहिप महानगर अध्यक्ष), विश्वरंजन (विहिप महानगर मंत्री, राजेश अग्रवाल (विहिप महानगर सह मंत्री) और योगेश खेड़वाल (विहिप सत्संग प्रमुख) को दिया गया।

## गांडेय विधायक बेंगाबाद में स्वागत और अभिनंदन सभा में हुईं शामिल

# मंईयां सम्मान योजना की राशि सोच समझकर खर्च करें महिलाएं: कल्पना



### नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा : भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा फर्क है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गांडेय विधायक गुरुवार को बेंगाबाद में आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन सभा में शामिल हुईं। इस दौरान कल्पना ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना की राशि को महिलाएं सोच-समझ कर खर्च करें। कहा कि इस राशि की कीमत को महिलाएं समझें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने संथाली और हिंदी में अपने विचार साझा किये। उन्होंने महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली 2500 रुपये की राशि का सही उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना था कि महिलाओं को सम्मान मिले और वे आत्मनिर्भर बनें। यह योजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने झारखंड की गरिमा को बनाये रखने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के बच्चे अपने हुनर से झारखंड का नाम देश-विदेश में रोशन करेंगे। साथ ही, उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे यह साबित करें कि वे भारतीय होने के साथ-साथ गर्वित झारखंडी भी हैं।

समारोह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनकी कथनी और करनी में बड़ा फर्क है। भाजपा का मुख्य उद्देश्य केवल जनता को भ्रमित करना है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने चुनाव में भाजपा को तिनके की तरह उड़ा दिया। कार्यक्रम में झामुमो के गिरिडीह जिला अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव महालाल सोरेन, प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, विजय सिंह, मीना देवी, सुनील यादव, किशुन सोरेन, सुधीर रजवार और महेंद्र चौधरी समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

### गिरिडीह जिले को शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में हुई चर्चा

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले को शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस मौके पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित थीं। गुरुवार को इस चर्चा में जिले के विकास के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। इस चर्चा में सुदिव्य कुमार ने कहा कि गिरिडीह जिले को शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं और हमें इन संभावनाओं को विकसित करने के लिए काम करना होगा। इस चर्चा में जिले के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर भी चर्चा की गयी। सुदिव्य कुमार ने कहा कि हमें जिले के विकास के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा और हमें जिले के विकास के लिए एक समृद्ध और सशक्त भविष्य बनाने के लिए काम करना होगा।

## भाकपा ने नेताजी की जयंती मनायी

**रांची(आजाद सिपाही)।** भाकपा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती रांची स्थित सीपीआइ के राज्य कार्यालय के सभागार में मनायी। इस अवसर पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का सपना आज भी अधूरा है। कार्यक्रम में जिला सचिव अजय सिंह, पुष्कर महतो, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, इम्तियाज खान, ममता साहू, एहतेशाम प्रवीण, मनोज ठाकुर, सहित कई लोग शामिल थे।

## पूर्व मध्य रेल : टीबी मुक्त भारत जन जागरूकता भागीदारी अभियान




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत पटना स्थित केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय में डॉ सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में टीबी में अल्ट्रासाउंड जांच के द्वारा मिलने वाली जानकारियों के बारे में सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग का आयोजन किया गया। सतत चिकित्सा शिक्षा श्रृंखला के दूसरे भाग में डॉ रवि प्रकाश, अ.मु.स्वा.निदेशक/ सोनोलॉजिस्ट के द्वारा उक्त चिकित्सीय जांच से संबंधित जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गयी। इस अवसर चिकित्सा निदेशक, डॉ सुबोध कुमार मिश्रा एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सक कार्यक्रम में शामिल हुए। जागरूकता अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। इसी कड़ी में केंद्रीय सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय, पटना में टीबी उन्मूलन से संबंधित पोस्टर लगाया गया।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 69 date 23.01.2025, I, SUKRA KHARIA, S/o Late Puna Kharia, resident of Tangra Toli, P.S.-Palkot, Kolang, Gumla, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am Indian Citizen by Birth. 2. That In my Aadhar No. 5202 5588 0665 my name is printed as Salil Bilung Son of Late Puna Bilung.
That my name is SUKRA KHARIA in my Matric Bihar School Examination Board, Patna Registration No. 0141/005/00510/99 Roll Code-01402 No 052 dated 30 December 2000.
3. That in my PAN Card also my name is SUKRA KHARIA son of PUNA KHARIA. Ref No Dets ROBA AFFIA
4. That I want my Aadhar to be correct as SUKRA KHARIA Son of PUNA KHARIa in place of Salil Bilung Son of Late Puna Bilung. 5. That this affidavit is made for the correction of Name in Aadhar No. 5202 5588 0665 as SUKRA KHARIA son of PUNA KHARIA. 6. That the aforesaid statement are true to the best of my knowledge information and belief. 7. Sworn and signed this affidavit at Ranchi on this the 03 day of January 2025.

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

निविदा सूचना संख्या **डीआरएमईएनजीआरएनसी - 07- 2025** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियर), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **क्रम संख्या:** (1); **सूचना संख्या:** डीआरएमईएनजीआरएनसी -07-2025, **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के लिए लोहरदगा (एलएडी) में गिट्टी आपूर्ति के लिए 50 मिमी आकार के 55,247 घन मीटर मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी की रेलवे वैगनों/हॉपरों में आपूर्ति एवं लोडिंग (गंतव्य स्थान पर माप किया जाएगा); **निविदा मूल्य:** ₹8,46,71,552.20; **बयाना राशि मूल्य:** ₹5,73,400.00; **निविदा बंद होने तिथि एवं समय:** 14.02.2025 को 15.00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।।
(PR-1053)

## गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुति देनेवाली झारखंड की टीम का रक्षा राज्य मंत्री ने आवास पर किया अभिनंदन

# पीएम के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने में अहम भूमिका निभायेगा झारखंड : संजय सेठ

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने दिल्ली में छोड़ी झारखंड की अमिट छाप

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची/नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर नयी दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय आयोजन में प्रस्तुति देने वाले झारखंड से जुड़े टीम के कलाकारों और युवाओं का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने नयी दिल्ली स्थित आवास पर अभिनंदन किया। इस दौरान झारखंड से जुड़े कलाकारों व युवाओं, बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां भी दीं। प्रस्तुति के क्रम में कलाकारों ने छऊ, पाइका, झूमर, मुंडारी, उरांव, संथाली से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके अलावा इस कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय पटमदा की बेटियों का भी अभिनंदन किया गया, जो गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य मंच के सामने बैंड की प्रस्तुति देंगी। इस कार्यक्रम का संचालन एनसीसी के युवाओं ने किया। इस अभिनंदन कार्यक्रम में झारखंड के सांस्कृतिक क्षेत्र, एनसीसी सहित अन्य क्षेत्र की युवा टीम शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह मेरे लिए गौरव का विषय है कि झारखंड की अस्मिता को वैश्विक पटल पर ले जाने वाली इस टीम का अभिनंदन कर रहा हूं। आपकी यह प्रस्तुतियां नयी दिल्ली में झारखंड की अमिट छाप छोड़ने वाली है। श्री सेठ ने कहा कि भारतीय गणतंत्र दिवस के 75वें वर्षगांठ पर नयी दिल्ली में आप सब विकसित भारत के लक्ष्य को अपनी सांस्कृतिक, वैचारिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ पूर्ण करने को संकल्पित दिख रहे हैं। झारखंड सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहर, वीरता, शौर्य जैसे विषयों से हमेशा से समृद्ध रहा है। राष्ट्रीय पटल पर झारखंड की प्रस्तुतियां न सिर्फ भारत देखेगा बल्कि पूरी दुनिया देखेगी। श्री सेठ ने कहा किया यह एक ऐसा अवसर है जब झारखंड के युवा भारतीय गणतंत्र के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में विकसित भारत को पूर्ण करने का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर बुलंदशहर के सांसद भोला सिंह, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा, विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा कार्यालय सचिव शिवशक्ति नाथ बक्शी, पूर्व विधायक जीतू चरण राम सहित झारखंड से जुड़े कई अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं.-41 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू** मंडल रेल प्रबन्धक /इंजीनियरिंग /डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.-12-डीडीयू-व.म.इंजी.-III-24-25** **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन:** वरीय मंडल इंजीनियर / III/डीडीयू के तहत सहायक मंडल इंजीनियर/ जपला और सहायक मंडल इंजीनियर/I/डी.डी.यू. के अधिकार क्षेत्र में मशीन के माध्यम से प्वाइंट और क्रॉसिंग की गहन स्क्रीनिंग। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू.16752329.52 **3. धरोहर राशि:** रू.233800.00 **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 14.02.2025 को 12:00 बजे तक **5. बेवसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in
नोट:-विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
कृते मंडल रेल प्रबन्धक/पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/01984/डीडीयू/ईएनजी/टी/24-25/32

# एसडीजी के लक्ष्यों की प्राप्ति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले तीन वर्षों में हुई प्रगति की समीक्षा की और घोषणा की कि भारत सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सही दिशा में बढ़ रहा है। यह भी कहा गया कि भारत साल 2030 की निर्धारित समय सीमा से पहले अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों को हासिल करने की राह पर है। मंत्रिमंडल की बैठक में यह बताया गया कि एनएचएम ने पिछले तीन वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इस मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए मानव संसाधन का विस्तार किया गया है और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे में बेहतर सुधार देखने को मिला है। एनएचएम के तहत किये गये इन प्रयासों ने भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए एकीकृत प्रतिक्रिया को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधार की दिशा में अहम कदम उठाये गये हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बात की भी पुष्टि की कि भारत साल 2030 के भीतर अपने स्वास्थ्य लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार का मानना है कि एनएचएम के निरंतर प्रयासों से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में नाटकीय बदलाव आये हैं और यह साल 2030 तक अपने सभी स्वास्थ्य संबंधित लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम होगा। मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय लिया कि एनएचएम को अगले दो वर्षों के लिए जारी रखा जायेगा। इसके लिए बजट आवंटन और योजनाओं को भी मंजूरी दी गयी है, ताकि अगले कुछ वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में और अधिक सुधार हो सकें।

**सरकार का मानना है कि एनएचएम के निरंतर प्रयासों से भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में नाटकीय बदलाव आये हैं और यह साल 2030 तक अपने सभी स्वास्थ्य संबंधित लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।**

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड



**मनोज जोशी**

मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है।

गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़ कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्योरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है।

पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किये जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है।

**शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं।**

भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।



भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिये गये हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआइएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है।

## ड्रोन आधारित हवाई इमेजरी : सिटी सर्वे

कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है, जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है।

जीआइएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नये रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है।

शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलायी जायेगी।

शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आयेगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

## शहरी नियोजन और संपत्ति कर

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है, जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है।

भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिये गये हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है। राज्यों और यूएलबी को जीआइएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है।

दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।

**(लेखकः ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# चोरी और मारपीट मामले में फरार चार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** सरायकेला एसपी के निर्देश पर स्पेशल ड्राइव के दौरान कपाली ओपी पुलिस ने चोरी और मारपीट मामले में चार फरार युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।गुरुवार को कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया वर्ष 2020 में चोरी के मामले में कपाली के ताजनगर रोड नंबर- 4 निवासी सूफी नजम उर्फ सोनू, मोहम्मद हसीन अंसारी उर्फ रमजान और शाहजहां अंसारी उर्फ विक्की फरार थे। गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मारपीट मामले में कपाली के इस्लामनगर निवासी मोहम्मद शमशेर अली उर्फ लाडला को भी गिरफ्तार किया गया। चारों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सरायकेला में दो मामले के छह अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के के निर्देश पर आदित्यपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुरुवार को पुलिस ने दो अलग अलग मामले का खुलासा करते हुए कुल छः अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आदित्यपुर पुलिस के द्वारा अपहरण का प्रयास व लूट के मामले में गिरफ्तार किये गए आरोपियों में गोलू कुमार सिंह,आदर्श कुमार और विकास राय शामिल है।पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल बरामद कर लिया।वही टाटा स्टील गम्हरिया प्लांट में लोडर ऑपरेटर अभय सिंह हत्याकांड के मामले में फरार तीन अभियुक्त आकाश मुखी, सुमित मुखी और विकास योगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को जानकारी देते हुए आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया बीते दिनों टाटा स्टील गम्हरिया प्लांट में लोडर ऑपरेटर अभय सिंह हत्याकांड में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया।वही बीते 20 जनवरी की रात जोमैटो डिलीवरी बॉय खकरा सोरेन से ऑटो क्लस्टर के समीप तीन चार युवकों द्वारा मारपीट कर उसकी मोबाइल छीन ली थी। साथ ही उसके फोन से 1800 रुपए जबरन ट्रांसफर कराया गया था। अगले दिन छीने गए मोबाइल के माध्यम से डिलीवरी बॉय के परिवार वालों से 8 हजार रंगदारी की मांग की गई थी।शिकायत मिलने के बाद जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर अनुसंधान व त्वरित कारवाई करते हुए कांड का उद्वेदन किया गया। वही पीड़ित डिलीवरी बॉय खकरा सोरेन ने पुलिस के प्रयासों की सराहना की। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# भाजपा महानगर की जिला स्तरीय गोष्ठी आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा भारतीय संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। बिष्टुपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में आयोजित गोष्ठी में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.रविंद्र राय उपस्थित होकर संविधान के महत्व पर विचार व्यक्त करेंगे। यह गोष्ठी शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें संविधान की ऐतिहासिक यात्रा, इसकी प्रासंगिकता और बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के योगदान पर विचार-विमर्श किया जायेगा। गोष्ठी में सांसद विद्युत महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू समेत कई वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने संविधान गौरव अभियान में महानगर के सभी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।


# मुसाबनी जीसीजेडी हाइ स्कूल में मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुसाबनी।** मुसाबनी एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर जीसीजेडी हाई स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विद्यालय के संस्थापक सचिव कुंदन कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों और छात्रों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल मुरारी प्रसाद सिंह ने नेताजी के विचारों और आदर्शों से बच्चों को अवगत कराया। स्कूली बच्चों ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस और बलिदान को प्रेरणादायक बताया। जीसीजेडी इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी अपने विचार साझा किये और नेताजी को श्रद्धांजलि दी। ग्रीन बॉयज क्लब द्वारा आयोजित चित्रांकन और नृत्य प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को आयोजन समिति के बिमल सेनापति और जयंत घोष ने पुरस्कृत किया। साहित्य संस्कृति संघ द्वारा नेताजी सुभाष पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं, मुसाबनी नंबर वन स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के समीप नेताजी की प्रतिमा पर स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



# उद्योगपति के निधन पर सरयू राय ने किया दुख प्रकट



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर के जाने-माने उद्योगपति व जमशेदपुर सिहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष अशोक भालोटिया का आज निधन हो गया। गुरुवार को निधन होने की सूचना मिलने पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने गहरा दुख व्यक्त की। श्री राय ने इसे अपनी निजी क्षति बताया। उन्होंने कहा शहर के उद्योगपति अशोक भालोटिया एक ईमानदार और बेहद ही अच्छे व्यक्ति रहे। आज वह हम सब के बीच नहीं रहे लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्य को हम सभी भुला नही सकते।

# बिष्टुपुर श्रीलेदर्स शोरूम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर श्रीलेदर्स शोरूम में के सामने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 128वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्तित हुए। मौके पर उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर में माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

मौके पर एस चटर्जी, प्रतिलेखा राय,परेश कुमार नंदी,भास्कर मित्रा सहित कई गणमान्य लोग के अलावा श्रीलेदर्स के कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वहीं मंच का संचालन मीरा शर्मा ने की।इस अवसर पर समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने कहा आज आजादी के 75 वर्षों बाद भी महिलाओं पर कई सारी पाबंदियां हैं। उन्होंने कहा सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी के कई वर्ष पूर्व ही इन पाबंदियों को तोड़ दिया था।उन्होंने बकायदा अस्त्र और शस्त्र चलाने की ट्रेनिंग देकर महिलाओं की फौज तैयार की थी। सुभाषचन्द्र बोस न सिर्फ सैन्य नीति बल्कि साम्राज्यवाद इतिहास और अर्थशास्त्र विषय के भी अच्छे जानकार थे।उन्होंने समाज के हर वर्ग और उनकी जरूरतों के विषय में गहन चिन्तन करते थे। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान 1928 साल में लौहनगरी भी आए थे।उस दौरान उन्होंने टाटा स्टील प्रबंधकों को मजदूरों हित में कुछ सुझाव भी दिए थे।जिसे टाटा स्टील ने अहम समझते हुए कुछ वर्षों बाद उसे स्वीकार कर प्रतिस्थापित भी कर लिया। शेखर डे ने कहा सुभाषचंद्र बोस ने आजाद देश के विकास की पूरी रूपरेखा तैयार कर रखी थी। आज अगर उनकी नीतियों और विचारों को अमल में लाया जाता तो देश की परिस्थिति कुछ और होती। लेकिन आज तक नेताजी का सही मूल्यांकन नहीं हो पाया।उन्होंने कहा जिन व्यक्ति की जयंती आज हम मना रहे हैं उस महान व्यक्तित्व की गाथा एक दिवस और एक समारोह में संपूर्ण करना असंभव है। अदम्य साहस और अद्भुत विचारधारा के स्वामी सुभाष चंद्र बोस सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे बल्कि तत्कालीन साम्राज्यवाद और अन्याय के विरुद्ध एक ऐसे वीर सिपाही थे जो लड़कर और छीन कर आजादी प्राप्त करना चाहते थे। घुटनों पर बैठकर अंग्रेजी हुकूमत के आगे हाथ फैलाना वो नहीं चाहते थे। शेखर डे ने कहा आजादी भी ऐसी होनी चाइए जिसमें कोई भी प्राणी स्वयं को बंधा हुआ महसूस न करें।



केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने प्रेसवार्ता कर केंद्र संचालित योजनाओं की जानकारी दी

# गढ़वा जिला विकसित बने, इस दिशा में काम हो रहा है : बीएल वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केंद्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण बीएल वर्मा ने गढ़वा समाहरणालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि वर्तमान में गढ़वा को आकांक्षी जिला की सूची में शामिल है। गढ़वा को विकसित बनाने को लेकर नीति आयोग के तहत विभिन्न विकास कार्य कराये जा रहे हैं। विभिन्न योजनाओं का लाभ केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

गढ़वा जिला आंकाक्षी जिले के सूचकांक में प्रथम स्थान पर आए इसके लिए विभिन्न सूचकांक को के तहत कार्य किया जा रहे हैं। इसके लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। हमारा विशेष फोकस आकांक्षी जिलों पर है। गढ़वा जिला विकसित बने तथा आकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकले इस दिशा में काम हो रहा है। वर्तमान में गढ़वा जिला 67वें नंबर है इसे विभिन्न पारामीटर में आगे लाया जायेगा तथा अच्छे रैंक पर पहुंचा जायेगा। आकांक्षी प्रखंड मझिआंव का सीएचसी बेहतर स्थिति में है।

जिले में बड़े पैमाने पर सड़कों का निर्माण किया गया है अन्य विकास कार्य भी तेजी से किया जा रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले में सड़कों का बड़ी संख्या में जाल बिछाया गया है। पीएम के नेतृत्व में पूरे देश में सड़कों को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। इसका असर गढ़वा में भी दिखा। देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का कार्य किया गया है।

सरकार ने वन नेशन वन कार्ड की सुविधा प्रदान की, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। दस करोड़ उज्वला योजना, चार करोड़ 26 लाख पीएम आवास लोगो को दिये गये हैं। पत्रकार वार्ता में उपायुक्त शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्र, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा से तकनीकी कॉलेज एयरपोर्ट और पलायन पर रोक लगाने की मांग



**गढ़वा।** केंद्रीय राज्य मंत्री बनवारी लाल वर्मा से गढ़वा में एयरपोर्ट, तकनीकी शिक्षा में विकास और पलायन पर रोक लगाने की मांग की गयी है। भाजपा नेता सह चिकित्सक डॉक्टर पातंजली केशरी ने केंद्रीय खाद्य सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री के गढ़वा आगमन पर गुरुवार को परिसदन भवन में उनसे मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टर केशरी ने कहा कि गढ़वा में लोगों की आर्थिक व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कार्यक्रम चलाये जाने की जरूरत है। इसके लिए रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी कॉलेज की स्थापना होनी चाहिए। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के बाद यहां के लोगों को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। आये दिनों प्लांट में काम करने के दौरान मजदूर की मृत्यु की सूचना मिलते रहती है। उन्होंने गढ़वा के सर्वांगीण विकास के लिए एयरपोर्ट निर्माण की भी मांग की है। मंत्री ने बातचीत के क्रम में स्थिति की जानकारी लेने के बाद यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष कैलाश कश्यप, अब्दुल मन्नान, सोमनाथ विश्वकर्मा, अनुजी संहिता अन्य लोग को उपस्थित थे।

## रमना में बाइक चोरी

**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में बाइक चोर एक बार फिर सक्रिय हो गए है। बीती रात रेलवे स्टेशन के समीप डॉक्टर पारसनाथ के आवास के बाहर खड़ी टीवीएस अपाची जेएच 14एफ5992 अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में डाक्टर पारसनाथ के पुत्र सह पत्रकार रोहित रंजन ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की मांग की है। दिये गये आवेदन में रोहित रंजन ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपनी अपाची गाड़ी को अपने आवास से बाहर लगाया था। लेकिन सुबह उठने के बाद अपना गाड़ी गायब पाया। इधर मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस खोजबीन शुरू कर दी है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा टाउनशिप दुल्हर पुल के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को पंपलेट बांटकर भेंट कर जागरुक किया गया। उन्होंने कहा कि अक्सर बिना हेलमेट चलाने वाले वाहन चालक गंभीर दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धर्मेंद्र कुमार कोरवा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक सड़क सुरक्षा के महत्व को समझें और दुर्घटनाएं कम करने के लिए भागीदार बनें। मौके पर अजय बड़ाइक, सनोज, भुईयां आशीष कुमार, रमेश कुमार, सहित अन्य मौजूद रहें।

## नेताजी पर हम भारतीयों को गर्व है : थाना प्रभारी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस (समर्थ) विद्यालय में 23 जनवरी 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर रंका थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने नेताजी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में नेताजी का अहम योगदान रहा है। वे एक सच्चे देशभक्त थे। हम सब भारतीयों को नेताजी पर गर्व है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बच्चे उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

ऑटो चालक की लापरवाही से हुई दुर्घटना : प्रत्यक्षदर्शी

आजाद सिपही संवाददाता



**मेराल।** बस स्टैंड चौक पर पिलर नंबर 33 के पास एक ट्रक के चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत मौके पर ही हो गयी। महिला की पहचान गढ़वा के बघमनवा निवासी फुदेनी राम की पत्नी शिवरानी देवी उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत महिला शिवरानी देवी गुरुवार को करीब 2:30 बजे मेराल बस स्टैंड में ऑटो पर बैठी थी। सवारी भरने के बाद ऑटो चालक गाड़ी को गेर में ही रख कर पीछे से रस्सी लगाकर स्टार्ट कर दिया जिससे ऑटो बिना चालक के ही आगे दौड़ने लगी और महिला ऑटो से नीचे गिर गयी, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रक की चपेट में वह आ गयी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा तथा दुर्घटना वाली ट्रक और ऑटो को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। घटना के बाद ट्रक और ऑटो दोनों का चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर व्यावसायिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ज्ञान रंजन मिश्र सहित बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने शव को उठाने और शिनाख्त करने में पुलिस को मदद की।

## दो पक्षों में मारपीट, एक गंभीर रूप से घायल

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतरिया पंचायत अंतर्गत जतरो गांव में गुरुवार को दो पक्षों के बीच मारपीट में एक युवक सरयू राम का पुत्र अखिलेश राम गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कई अन्य आंशिक रूप से घायल हो गये। उक्त मामले को लेकर सरयू राम ने थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। थाना को दिये गये आवेदन में कहा है कि परिखा रजवार मेरे रैयती जमीन पर घर बना रहे थे। मैं मना करने गया और कहा कि दस दिनों तक आप मकान मत बनाइये मेरा कागज आ जायेगा, तो सरकारी अमीन से मापी करने के बाद आप मकान बनाइयेगा, लेकिन वे लोग नहीं माने और मारपीट करने लगे। इस मारपीट में मेरा पुत्र सहित परिवार के कई लोग घायल हो गये हैं। पुलिस ने इंजुरी रिपोर्ट काटकर दे दी है कि पहले घायल का इलाज कराइये। सूचक सरयू राम ने सात लोगों पर मारपीट करने का आरोप अपने आवेदन के माध्यम से लगाया है।

## कसौधन वैश्य समाज ने केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने को लेकर केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में बनवारी लाल वर्मा भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता और उपभोक्ता मामले खाद और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री को मांग पत्र देकर कसौधन वैश्य समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कश्यप के द्वारा राज्य मंत्री को सारी बात बतायी गयी झारखंड सरकार में ओबीसी सूची में नाम शामिल है, और केंद्रीय सूची में शामिल नहीं है। झारखंड सरकार के द्वारा चुनाव के समय पिछड़ा समाज को बरगलाने के लिए चुनाव के समय अनेकों लोक लुभावना वादा किया गया, लेकिन यह सरकार लगभग 36 उपजातियां का नाम केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल नहीं है। उसके अग्रतार कार्रवाई के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। पूर्व में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा लोकसभा में प्रश्न किया गया था। सभी बात को मंत्री के समक्ष रख जानकारी उपलब्ध कराया गया और समाज के प्रदेश अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के द्वारा आग्रह किया गया कि समाज के युवाओं का भविष्य शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में बहुत तरह के परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया कि मेरे स्तर से जो भी कार्य होगा रुकेगा नहीं, इस कार्रवाई को अग्रतार कार्रवाई हेतु हम आगे प्रेषित करेंगे। मांग पत्र देने में प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष कश्यप सदस्य अभिषेक कश्यप उपस्थित थे।

## महिला जनप्रतिनिधि के पति बैठक में भाग नहीं लें : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो की अध्यक्षता में पंचायत समिति समन्वय समिति की बैठक हुई जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों, सांसद विधायक प्रतिनिधि पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बारी बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गयी। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र में बेडशीट समय पर देने और साफ सफाई का ध्यान देने का निर्देश दिया गया। मनरेगा में आवश्यक सुधार के लिए कहा गया, जिसमें भेंडर के पास करोड़ों रॉयल्टी का पैसा पड़ा हुआ है उसे सरकार के राजस्व खाता में जमा करने के लिए प्रस्ताव लाया गया, जिसे अभिलंब करने की सहमति दी गयी। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो में मेन्यू के अनुसार पौष्टिक आहार देने और कुछ आंगनबाड़ी केंद्र जहां जनसंख्या अधिक हो गयी है, वहां अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का प्रस्ताव कुछ सदस्यों के द्वारा लाया गया। बैंक के समीक्षा में केसीसी ऋण के लिए बैंकों पर मनमानी करने का आरोप लगाया और कहा गया कि इसीलिए किसान आवेदन नहीं करते हैं। इस मौके पर सभी विभागों के प्राधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, प्रधान सहायक मुकेश कुमार, बीपीआरओ दिनेश कुमार, हेमंत लकड़ा, प्रभारी प्रमुख अनुभा सिंह, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, मानपुर मुखिया हाशिम अंसारी, बीडीसी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## गढ़वा की टीम ने दुमका को 52 रन से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रांची में चल रहे हैं अंडर 19 का मैच गढ़वा बनाम दुमका के बीच खेला गया। जिसमें गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 178 बनाकर रन ऑल आउट हो गयी, लक्ष्य का पीछा करते हुए दुमका की टीम 126 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जिससे गढ़वा की टीम 52 रन से यह मैच जीत गयी। गढ़वा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए निशांत चौबे ने 16 रन देकर 4 विकेट, शुभम घोष ने 23 रन 3 विकेट और अभिराज कुमार ने 3 विकेट लिन्या। मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले निशांत चौबे को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

# विभिन्न जगहों पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी

## सदैव याद किये जायेंगे नेताजी सुभाष चंद्र बोस: निदेशक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में भारत के क्रांतिकारी और महान स्वतंत्रता सेनानी, करिश्माई नेता, प्रेरक व्यक्तित्व और महान योद्धा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि आज 23 जनवरी को पूरा देश नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मना रहा है। मां भारती के वीर सपूत, महान देशभक्त, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को वर्ष 2021से भारत सरकार के द्वारा पराक्रम दिवस के तौर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी ने भारत के जनता से आह्वान किया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा वहीं जय हिंद, दिल्ली चलो जैसे नारों से लोगों में देशभक्ति की भावना को उजागर किया और स्वतंत्रता आंदोलन में कूदने की अलख जगायी। इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चयनित छात्र-छात्राओं में शिरोमणि कुमारी, भास्कर तिवारी, अमित कुमार, आराध्या कुमारी, अनुष्का कुमारी, कृतिका कुमारी आदि का प्रदर्शन अति उत्कृष्ट रहा, जिन्हें विद्यालय की ओर से पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, सुनीता, विकास, नीरज शर्मा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## आरके पब्लिक स्कूल में नेताजी की जयंती मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में आजाद हिंद फौज के संस्थापक और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े श्रद्धाभाव से मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने विद्यालय के शिक्षक गण के साथ संयुक्त रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती और पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि, 'नेताजी का जीवन हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान स्वतंत्रता संग्राम में अनमोल रहेगा'। उन्होंने यह भी कहा कि नेताजी का आदर्श हमें अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम और सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नेताजी के जीवन के विभिन्न पहलुओं और उनके संघर्षों से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। विद्यालय के शिक्षक गण और छात्र-छात्राओं ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर शिक्षक सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां शारदे व सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व अभिभावक देव कुमार व नीतू देवी ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि नेताजी में देश प्रेम और साहस कूट कूट कर भरा हुआ था, कम समय में ही देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिये। आचार्या नीति कुमारी ने कहा कि नेताजी का उद्घोष था 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा'। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य कौशलेंद्र झा, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश, नीरज सिंह, सुजीत दुबे, नंदलाल, कृष्ण, सत्येंद्र प्रजापति, प्रसून, रूपेश आदि अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें याद किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गढ़वा में आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस के जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस आजादी के महानायक थे। देश को गुलामी के जंजीरों से आजाद कराने के लिए सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज का गठन किया। और तुम मुझे खून दो... मैं तुम्हे आजादी दूंगा के नारों के साथ देश के युवाओं को इकट्ठा किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए 23 जनवरी 2021 को पराक्रम दिवस मनाने का घोषणा किया। उसी समय से सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि अमित तिवारी भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम, सकल कोरवा, संजय तिवारी, बंधु राम, रिंकू तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, उज्जवल पांडेय गुड्डू तिवारी लव ठाकुर, श्याम पासवान, अंबिका राम, मुकेश तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुभाष चंद्र बोस की जीवनी से सीख कर अपने हित से ज्यादा राष्ट्र हित को रखें आगे : रासबिहारी



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पतंजलि योग समिति ने पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज आफ फार्मेसी के सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रमण दिवस के रूप में मनाया। रासबिहारी तिवारी ने कहा कि नेताजी ने भारत को आजादी दिलाने के लिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद जैसे नारों से आजादी की लड़ाई को नई उर्जा दी। डॉ अनिल और डॉ लालमोहन ने स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## बीएनटी संत मैरी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के सोनपुरवा स्थित बीएनटी संत मैरी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर, उनकी विरासत का सम्मान करने के लिए विद्यालय के टैगोर हाउस के द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन तत्पश्चात नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प से सभी शिक्षक और शिक्षाओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार परीक्षा पे चर्चा के तत्वाधान, केंद्रीय विद्यालय संगठन गढ़वा में इंटर स्कूल क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया था ,जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से कुल 100 प्रतिभागी उपस्थित थे, जिसमें एक स्कूल से कुल 10 प्रतिभागी शामिल थे। इस अंतर स्कूल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यालय के 12वीं वर्ग के विज्ञान संकाय का छात्र आर्यन कुमार शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक सच्चे दार्शनिक, देशभक्त और साहसी वीर पुरुष थे।

## आरपी नर्सिंग कॉलेज में मनी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के निदेशक विकास कुमार, प्राचार्य मनु जेम्स और प्रबंधक केएन लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया।

उक्त मौके पर निदेशक विकास कुमार ने कहा कि सीना चौड़ा कर डटे रहने वाले निर्भीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस पढ़ाई में बेहद अच्छे थे। उन्होंने अपने स्कूल-कॉलेज में हमेशा टॉपर्स लिस्ट में स्थान बनाए रखा था। प्रबंध निदेशक केएन लाल ने कहा कि अपनी ताकत पर भरोसा करो, उधर की ताकत घातक है। जैसे ओजस्वी और जोशीले विचारों से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ब्रिटिश हुकूमत की नींद उड़ा दी थी। प्राचार्य मनु जेम्स ने कहा कि हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आजादी मिली है उसकी रक्षा के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए।

# सीएमयू और चूरी प्रबंधन के बीच हुई एजेंडा मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन की 14 सूत्री मांगों पर गुरुवार को चूरी परियोजना प्रबंधन के साथ एजेंडा मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार ने किया। एजेंडा मीटिंग में सभी मांगों पर यूनियन की प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। सुभाष नगर से चूरी परियोजना तक सोलर प्लेट वाला स्ट्रीट लाइट लगाने पर सहमति बनी। इसके अलावा सुभाष नगर रोड़ और चूरी रोड में एप्रोच रोड बनाने, परियोजना में स्टैंड बाय एंबुलेंस की व्यवस्था करने, असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी के तहत भुगतान करने, समय पर कामगारों को प्रमोशन देने, परियोजना में स्थाई कार्मिक प्रबंधक की व्यवस्था करने, पीट आफिस और प्रोजेक्ट ऑफिस में पीने योग्य पानी की व्यवस्था करने पर भी सकारात्मक वार्ता हुई। इस बैठक में चूरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, कार्मिक प्रबंधक आलोक जोजावर और यूनियन की ओर से एरिया अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष ध्वजा राम धोबी, सीसीएल केंद्रीय सदस्य रामा उरांव, रमेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रधान मुंडा, सुदेश पासवान, अभिजित कुमार, रवींद्र बैठा, प्रदीप करमाली, अनूप रजक, अनील कुमार, बिरमाल कुमार, सोनू राम, विजय उरांव बिहारी साव, मल्हा मौजूद थे।

## बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी का बचरा में किया गया भव्य स्वागत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल और आजसु पिपरवार नगर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में बचरा चार नंबर चौक में बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी का स्वागत किया गया। जानकारी के मुताबिक विधायक रोशन लाल चौधरी पिपरवार के बेती गांव में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी बीच बचरा चार नंबर चौक पर भाजपा और आजसु के कार्यकर्ताओं ने फूलो का गुलदस्ता देकर विधायक रोशन लाल चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और जल्द ही बचरा का दौरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह,उमेश सिंह, प्रमोद प्रजापति, प्रकाश राणा, दिलीप अम्बष्ट, अरुण सिंह, फारूक अंसारी, उमेश मेहता, निर्मल सिंह, अरुण सिंह, सुनील प्रसाद, अर्जुन महतो, प्रकाश राम, नागेंद्र नोनिया, काशीनाथ महतो, मोहन कुमार, राजकुमार शुक्ला, गणेश महतो, कालेश्वर महतो सहित काफी संख्या में भाजपा और आजसु के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जयंती पर याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस विधायक सहित कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 128वीं जयंती गुरुवार को श्रद्धापूर्वक में मनायी गयी। इस अवसर पर खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा की अगुवाई में स्थानीय झामुमो कार्यकर्ताओं ने शहर के नेताजी चौक में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर विधायक ने स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के लिए युवाओं में लड़ने का जो जज्बा नेताजी ने पैदा किया, उसे देश कभी भूल नहीं सकते है। मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य मकसूद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष शंकर मुंडा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। दूसरी ओर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सांसद सहित अन्य कांग्रेसियों ने दी नेताजी को श्रद्धांजलि




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में गुरुवार को कांग्रेसियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी। इस अवसर पर सांसद कालीचरण मुंडा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सांसद ने स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के प्रति उनके जुनून और देश को आजादी के प्रति जागरूक करने की उनकी क्षमता शायद ही और किसी में हो, उन्होंने विदेश में रहकर आजादी के लिए देश के युवाओं को संगठित करने का जो कार्य किया वह कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि उनके जैसे स्वतंत्रता सेनानी और अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वाले ऐसे वीर योद्धा को देश कभी भूल नहीं सकता। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खां, विलसन बोदरा, पांडेया मुंडा, धर्मदास कंडीर, हेलेन होरो, ईंदुअन्ना हस्सा, विलसन तोपनो, रविकांत मिश्रा, हेरमन सोय, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, सुनीता गोप, बंधु गंझू, जेम्स तोपनो, जुलीयस कंडुलना, मदन मिश्रा, सुहेल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## श्योर सक्सेस कोचिंग संस्थान में मनायी गयी नेताजी की जयंती




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बचपन से ही पढ़ाई में बहुत तेज रहने वाले नेताजी 23 वर्ष की उम्र में आईसीएस( आईएएस )की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। किंतु देश भक्ति के कारण उन्होंने इस पद से 1921 में ही रिजाइन दे दिया। आजादी के संग्राम में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया। नेताजी ने आजादी के लिए जय हिंद, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, चलो दिल्ली जैसे नारे दिये जिन्होंने युवाओं में आजादी के लिए प्रेरणा का काम किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके नेक कार्यों को आत्मसात करने की बात कही। मौके पर शिक्षिका रिया, सावित्री और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विधायक सुदीप गुड़िया ने नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**तोरपा (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने नगर भवन के पास स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता आंदोलन के सिपाही थे। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मै तुम्हें आजादी दूंगा का नारा दिया था। उन्होंने जिंदगी भर देश की आजादी के लिये संघर्ष किया। देश की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। माल्यार्पण करने वालों में संतोष जायसवाल,जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, अरमान तोपनो, धर्मेंद्र प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, प्रदीप केशरी, नीरज जायसवाल, देवनाथ मार्चइया, मुकेश सिंह,सुहेल अंसारी और फिरोज खान आदि शामिल थे।

## सुरसू पंचायत में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम




**बच्चों से काम कराने के बजाय उन्हें शिक्षा मुहैया करायें : कविता कुमारी खाती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड के सुरसू पंचायत सचिवालय भवन में डालसा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी मालती कुमारी, प्रदीप बड़ाईक, शिला देवी, बेबी सिन्हा, बेतराज महतो, रजनी उरांव एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर बताते हुए बाल विवाह अधिनियम-2006 कानून की जानकारी लोगों को दी। खाती ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की जानकारी दी। पीड़िता अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। दहेज प्रथा कानून-1961 के बारे में विस्तार से बताये और कहा कि दहेज लेना और देना कानूनन अपराध है, इसमें सजा भी होती है। एमएसीटी एक्ट-1988 के बारे में जानकारी दी गयी। डालसा के पीएलवी ने 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत और आगामी 22 फरवरी को होनेवाले विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी बेबी सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किये।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। समारोह कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य गौरी शंकर कामिला के द्वारा सरस्वती माता और सुभाषचंद्र बोस की चित्र के पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य चंद्रभूषण सिंह ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर विस्तार पूर्वक अपना विचार प्रकट किये। तत्पश्चात करकट्टा कॉलोनी में एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं ने पथ संचलन किये। विद्यालय में छात्र-छात्राओं और आर्चायो के लिए सरवत का व्यवस्था किया गया था। अंत में विद्यालय के आचार्या पूनम पाठक सभी को धन्यवाद दिये। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य नूतन सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, सूरज कुमार, गोविंद कुमार चौहान, बसंती कुमारी, अश्वनी सिंह, दिलीप कुमार शर्मा, विक्रम कुमार पांडे सहित विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सोनाहातू में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत अंतर्गत नेताजी चौक डीह मोड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर सुभाषचंद्र के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा, उपमुखिया प्रतिनिधि अर्जुन सेठ, ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा, जगत पाल बडाईक, धीरज सिंह मुंडा, भोजन सिंह मुंडा, समाज सेवी तुलसी प्रसाद महतो, भजोहरि गोराई, अश्विनी कुमार महतो, दलेल चंद्र महतो, रहित कुमार महतो, हाराधन लोहरा, गोवर्धन सेठ, विश्वेश्वर साहू, राम जी साहू, अमित कुमार साहू, सच्चिदानंद महतो एवं पंचायत के गणमान्य लोग मौजूद थें। इधर थाना के समीप नेताजी के प्रतिमा स्थल पर बारूहातु उप मुखिया बिनापानी देवी के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। मौके पर श्याम कुमार महतो, विपिन पाल, बसंती देवी, गौतम कुमार मुंडा, मंगल मुंडा, कुंवर सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## विधायक सुरेश बैठा की पहल के बाद सुलझा डीप बोरिंग का विवाद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मोहन नगर में डीप बोरिंग विवाद विधायक सुरेश बैठा के पहल पर सुलझाया गया और शिव मंदिर परिसर के समीप डीप बोरिंग करायी गयी। मोहन नगर में इस बोरिंग को लेकर पिछले 3 महीना से विवाद चल रहा था। कुछ लोग इसे अपने घर के पास लगाना चाहते थे, जबकि ज्यादातर ग्रामीण इसे मंदिर परिसर में लगाने को लेकर अड़े हुए थे। गुरुवार को विधायक की पहल के बाद इसे मोहन नगर बाजार में स्थित मंदिर के समीप बोरिंग कराया गया। ग्रामीणों ने पूजा अर्चना कर बोरिंग की शुरुआत की। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, रमेश चौहान, अनीता देवी, सुधा झा, रवि सिंह, कविता देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## जूनियर नेशनल आर्चरी टूर्नामेंट के लिए खूंटी के नेहा नाग का हुआ चयन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के भोलपुर में आगामी 10 से 17 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाले जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम की घोषणा हो गयी है। टीम में खूंटी के तीरंदाज नेहा नाग का रिकर्व राउंड में चयन किया गया है। यह जानकारी खूंटी जिला तीरंदाजी संघ के सचिव बसंत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गत बुधवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स टाटा आर्चरी अकादमी में आयोजित चयन शिविर में प्रतियोगिता के दौरान प्राप्त अंकों के आधार पर उक्त तीरंदाज का चयन झारखंड टीम में हुआ है। उन्होंने तीरंदाज नेहा नाग को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# नागरिक अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती पंचायत के अंतर्गत आने वाले खेल मैदान में गुरुवार को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे भाजपा के बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास और चतरा सांसद के पुत्र नीतेश कुमार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा और संचालन सुखी गंझु ने किया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया, जिसके बाद अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया। कार्यक्रम में विस्थापित रैयतो के लंबित नौकरी, मुआवजा, पुर्नवास केंद्र, रोजगार सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि जनता ने जो विश्वास के साथ उन्हें विधानसभा भेजने का काम किया है, उस पर वह पूरी तरह से ईमानदारी के साथ काम करेंगे।

जनता की समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता के साथ उठाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र पिपरवार में विस्थापितों की समस्या के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन किया जायेगा। इसके लिए सभी विस्थापितों को भी एकजुट होने का आह्वान किया। सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास ने कहा कि जनता ने भारी बहुमत के साथ उन्हें जिताने का काम किया है। अब जनता की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया जायेगा। जनता की समस्याओं का समाधान राज्य स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक पहल कर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही सीसीएल प्रबंधन और एनटीपीसी के साथ बैठक कर स्थानीय विस्थापितों की समस्या पर चर्चा की जायेगी और विस्थापित की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सैकड़ो गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर बेंती मुखिया सरिता देवी, पंसस कुमारी अनुप्रिया, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, आजसु नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, मिथिलेश कुमार गुप्ता, अक्षयवट पांडे, ईश्वर दयाल पांडे,विजय चौबे, महेंद्र भोक्ता, अर्जुन गंझु, आशिक अली, रामबालक गंझु, रचित गंझु, सोमर गंझु, धनराज भोक्ता, परमेश्वर गंझु, शकील अंसारी, रविंद्र सिंह, विजय लाल, अश्विनी दराद, संतोष केसरी, गोलू केसरी, गणेश गंझु, रविशंकर जायसवाल, दिलिप अम्बष्ट सहित भाजपा और आजसु के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बुंडू में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के सुभाष चौक में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बूंद के कई गणमान्य ने लोगों ने नेताजी के प्रतिमा पर पुष्प और दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी और लोगों के बीच मिठाई बांटी गयी। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चौक पर गीतकारों की ओर से गीतों का समा बांधा गया। मौके पर लखन प्रसाद महतो, राजीव लोचन महतो, बप्पी डे बंटी चौधरी, अमित उपाध्याय, मनोज चौरसिया आदि उपस्थित हुए।

## अविनाश कुमार ने नये थाना प्रभारी के रूप में तिरूलडीह में दिया योगदान



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के तिरूलडीह थाना में नये थाना प्रभारी के रूप अविनाश कुमार ने योगदान दिया। वहीं नये थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना और लोगों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर अवैध धंधों पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता होगी। थाना क्षेत्र में पुलिस पब्लिक संबंध को बेहतर बनाने का काम किया जायेगा। मालूम हो कि बुधवार को जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने आमदा ओपी प्रभारी अविनाश कुमार को तिरूलडीह थाना के थाना प्रभारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया था। तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो को आदित्यपुर थाना में प्रतिनियुक्त किया गया था। थाना प्रभारी को लोगों ने गुलदस्ता भेंट देकर स्वागत किया।

## 42 करोड़ की लागत से ईचागढ़ शाखा नहर का होगा पक्कीकरण: सविता महतो



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ पर गुरुवार को ईचागढ़ शाखा नहर का पक्कीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने फीता काटकर और शिलापट्ट अनावरण कर किया। ईचागढ़ शाखा नहर का पक्कीकरण मैसड़ा तक किया जायेगा। इस नहर का पक्कीकरण होने से सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। किसानों के खेतों तक आसानी से पानी पटवन हो सकता है। वहीं विधायक सविता महतो ने कहा कि कांची वियर सिंचाई योजना अंतर्गत ईचागढ़ शाखा नहर का पक्कीकरण और पुनर्स्थापन कार्य 42 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ईचागढ़ क्षेत्र पूर्णतः कृषि पर आश्रित है। इस योजना का पूर्ण होने से सिंचाई क्षमता 697 हेक्टेयर से बढ़कर 4477 हेक्टेयर हो जायेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का भी निर्देशित किया गया है। वहीं विधायक सविता महतो को युवा कल्याण, संस्कृति और पर्यटन विकास समिति के सभापति बनने पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों ने बुके देकर और मां दुर्गा का मुखौटा देकर स्वागत किया। मौके पर नितांई उरांव, अभय यादव, पंचानन पातर, किसुन किस्कू, गुप्तेश्वर महतो, विश्वनाथ उरांव, प्रताप महतो, लाल सिंह, राम सिंह मुण्डा, नरेन गोप, अमित सिन्हा, पशुपति बागची आदि सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुभाष चंद्र बोस जयंती महोत्सव के अवसर पर सोनाहातू में सांस्कृतिक मेला आयोजित



**सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती महोत्सव अगुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। जयंती के उपलक्ष में आज सोनाहातु में सांस्कृतिक बृहद मैला आयोजित किया गया। यह मैला तैलवाडीह डिहमोड, सुभाष मैदान में सम्पन्न किया गया। मेले में आस-पास के भारी संख्या में लोग जुटे। मेला कमेटी द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई, चौडल प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुती किया गया। मुख्य अतिथि जेएलएफ वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो, तेलवाडीह ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा, मुखिया फनी भूषण मुंडा, सिगिद ग्राम प्रधान सच्चिदानंद मुंडा ने अपनी बातों को रखा। देवेंद्रनाथ महतो ने सभा संबोधन में कहा कि हमारे देश के आजादी नेता जी सुभाष चंद्र बोस का अहम योगदान रहा है। देश विदेश के वर्तमान राजनीति को समझते हुए देश के सम्पूर्ण आंतरिक ताकतों को एकजुट कर देश कि आजादी पर लडाई लडा। हमें अपने सांस्कृत परंपरा को बढ़ाना देना परम आवश्यक है। सांस्कृतिक विरासत के साथ देश के तरक्की पर हम लोग अपना योगदान सूचित करेंगे। सांस्कृत संगीत प्रोवर नायक, गोविंद लाल महतो ने प्रस्तुत किया। मेले के आयोजक कमेटी में बैजनाथ कोयरी, रसोराम हजाम, अनिल महतो, छोटू सिंह हीरालाल, सुभाष महतो, नीलकमल, शीवा आदि सक्रिय रहे।

## सोनाहातू थाना क्षेत्र में सड़क के किनारे मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के रांगाडीह मोड़ के पास 23 जनवरी 2025 को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान अजित महतो के रूप में हुई, जो रजरप्पा मोरपा करम्बो, जिला रामगढ़ का निवासी था। मृतक के परिजनों ने बताया कि अजित महतो सोमवार, 20 जनवरी को अपने घर से बाहर निकला था और उसके बाद घरवालों ने कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पायी। सुबह करीब 6:00 के आसपास ग्रामीण में रोड किनारे पड़े हुए व्यक्ति का लाश को देखते ही गांव के आसपास में सनसनी की खबर फैल गयी। ग्रामीणों के अनुसार बताया जा रहा है कि मृत व्यक्ति को चकू और धारदार हथियार से चेहरे पर कई बार वार किया गया है। मौके पर सोनाहातू थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने पुलिस दल के साथ पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया, और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। शव के मिलने के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गयी है, और वे अब यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके व्यक्ति की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है, ताकि मृतक के मृत्यु के कारणों का पता चल सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का पता चलेगा।

**उत्सव : तीन दिवसीय झारखंड जनजातीय और क्षेत्रीय संगीत-नृत्य कार्यशाला का समापन**

# लोक परंपराएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक पहचान का हिस्सा हैं : मधु मंसूरी

## इस कार्यक्रम ने अखड़ा के कलाकारों को अपनी जड़ों और विरासत से जोड़ने का भी कार्य किया है : पद्मश्री मुकुंद नायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**


झारखंड जनजातीय व क्षेत्रीय संगीत-नृत्य कार्यशाला में कलाकारों के साथ उपस्थित गणमान्य लोग।

**अनगड़ा।** झारखंड सरकार की सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सहयोग से कुंजबन छोटानागपुर लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्ररांची की ओर से सिरका पीपराटांड़ मैदान में आयोजित तीन दिवसीय जनजातीय, क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें बतौर अतिथि के रूप में पदमश्री मधु मंसुरी, मुकूंद नायक, बीडीओ जयपाल सोय, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, चंदन मिश्रा, डॉ रिझु नायक, मुखिया रोशनलाल मुण्डा, जगेश्वर महतो, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, रामसाय मुंडा, मजबुल खान, सुनील नायक, बरतु मुण्डा आदि उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में अखड़ा के सैकड़ों स्थानीय लोक कलाकार भी शामिल हुए। तीन दिनों तक चले इस कार्यक्रम में कलाकारों ने कुंजबन के मुख्य संयोजक पद्मश्री मुकूंद नायक एवं ग्रामीण संयोजक महानंद नायक के निर्देशन में झारखंड की लोक कला, नृत्य और संगीत की छटा बिखेरी और कला की बारिकियों को सीखा। इस अवसर पर मुकूंद नायक ने कहा कि इस कार्यक्रम से झारखंड की लोककला एवं सांस्कृतिक एकता को मजबूती मिली है। इस कार्यक्रम नें अखड़ा के कलाकारों को अपनी जड़ों और बिरासत से जोड़ने का भी कार्य किया है। वहीं, पद्मश्री मधु मंसुरी ने कहा कि यह आयोजन दर्शाता है कि लोक परंपराएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है। बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। डॉ रिझु नायक ने कहा कि लोक संगीत, गीत एवं नृत्य अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाता है। जबकि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा ने कहा कि अखड़ा संस्कृति को जीवंत रखने के लिए स्कूलों में अलग से लोक कला, संस्कृति, संगीत एवं नृत्य का क्लास लिया जाना चाहिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षक अभिषेक बड़ाईक, नुतन लकड़ा, लक्ष्मी कच्छप, लक्ष्मी प्रिया, एवं बालेश्वर नायक ने कलाकारों को प्रशिक्षित किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंजबन के मुकूंद नायक, किशोर नायक, महानंद नायक, अरूण नायक, आनंद नायक, रामेश्वर, दुर्योधन, मनीष कुमार, अमित नायक, संजय नायक, बालकिशुन नायक, रूमेश नायक, चंदन नायक, राजकुमार मुण्डा, राजेश नायक, छोटेलाल नायक, सूरज नायक, विजय करमाली आदि का योगदान रहा।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को दबोचा, गहने और नकद बरामद




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चान्हो।** पुलिस ने चोरी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान टांगर निवासी नौशाद अंसारी (25) के रूप में हुई है। चान्हो पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों टांगर बस्ती के कई घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका लिखित आवेदन पुलिस को दी गई थी। इसके बाद जांच शुरू कर छापामारी कर नौशाद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की मानें तो उसने कई घरों में चोरी की घटनाओं में लिप्त होने का आरोप स्वीकार किया है। उसके पास से सोने-चांदी के आभूषण और दो मोबाइल फोन के साथ 27,300 रुपये नकद भी बरामद किया गया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीपाटोली गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में नेहालु पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने कक्षा एक व दो के छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। मुखिया ने कहा कि सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि बच्चों के पढ़ाने-लिखाने में अभिभावकों को किसी प्रकार का बोझ या दिक्कत ना हो। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। छात्र-छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई कर विद्यालय और देश का नाम रोशन करें तभी सरकार की योजना कारगर होगी।

## बेड़ो में जंगली हाथी का आतंक जारी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत के बरटोली गांव में बुधवार की देर रात करीब दो बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। उसने गांव के ही युवा किसान मजेबुल खान की एक एकड़ में लगे गेहूं की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसके बाद हाथी ने मधुपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के खिड़की को तोड़ दिया। इस घटना से गांव लोगों में दहशत व्याप्त है। वहीं, युवा किसान ने क्षतिपूर्ति को लेकर स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। जबकि ग्रामीणों ने वन अधिकारियों को एक बार फिर से हालात से अवगत कराते हुए किसानों को मुआवजा देने और हाथी को भगाने की मांग की है।

## मारपीट की आरोपी महिला गिरफ्तार

**मांडर (आजाद सिपाही)।** सोसाई निवासी नीतू देवी (35) नामक एक महिला को पड़ोसी के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार की दोपहर दो बजे गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि महिला पर 30 दिसंबर 2024 को आपसी लड़ाई के दौरान पड़ोसी 1के ऊपर हमला कर उंगली काटने का महिला पर आरोप था। जिस पर दिसंबर महीने में ही मांडर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया था।

## भाजपा लापुंग महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीता देवी का निधन, स्वर्णरेखा नदी में दाह संस्कार



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष और जन वितरण प्रणाली की दुकानदार सीता देवी का हृदय गति रुकने से गुरुवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रांची स्थित स्वर्णरेखा नदी में किया गया। जानकारी के अनुसार वह अपने पीछे दो बेटी नूतन व पूनम और एक बेटा दीपक सहित पोता-पोती सह भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है। वह मूल रूप से लापुंग के मालगो गांव की रहने वाली थीं। वहां उनका पूरा परिवार है। उधर, उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, युवा मोर्चा अध्यक्ष रवींद्र उरांव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरपी सिंह समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# साइंस विजन पब्लिक स्कूल में मनायी गयी नेताजी की जयंती



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** साइंस विजन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आसीम अख्तर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका से बच्चों को अवगत कराया। साथ ही बच्चों से अपने हक एवं अधिकार के लिए आवाज उठाने की बात कही। वहीं, प्रधानाचार्या बिना राम ने बच्चों से आह्वान किया कि वह मोबाइल, टीवी एवं अन्य सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई में ध्यान केंद्रीत कर आने वाली बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करें। इस मौके पर शिक्षक मोइनुल इस्लाम, मसिउल्लाह अंसारी, रजाउर रहमान, सुनील कुमार, मौसमी कुमारी, दमयंती सिंह, मनोज कुमार, नसीम अहमद, कौशरी नाज, सुषमा कुमारी, ललिता कुमारी, जाबिर अंसारी एवं मनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में मनायी गयी नेताजी की जयंती



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** चिलदाग के सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ अमर चौधरी, सचिव डॉ कुमूद कला मेहता, मनीष चैधरी सहित अन्य शिक्षकों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ कुमूद कला मेहता ने सुभाष चंद बोस की जीवन एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के विषय में बताया। वहीं, विद्यार्थियों ने नेताजी की जीवनी पर नाटक, कविता और निबंध प्रस्तुत किया। डॉ अमर चौधरी ने कहा कि सुभाष चंद बोस एक महान राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इनकी जयंती हर साल पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है। मौके पर सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण व अन्य उपस्थित थे।

## दुर्गा महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर में चतुर्थी वार्षिक महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर गुरुवार को दुर्गा महादेव मंदिर परिसर में ओरमांझी पूजा समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो ने की। बैठक में दो फरवरी को चतुर्थ वार्षिक महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। समिति के मुख्य संरक्षक नंद गोपाल साहू, संरक्षक उमाशंकर साहू, रामचंद्र साहू, सतीश बड़ाईक आदि लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक का संचालन पूजा समिति के सचिव सह ओरमांझी के मुखिया दीपक बड़ाईक व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहू ने किया। बैठक में पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो, सचिव मुखिया दीपक बड़ाइक, मुख्य संरक्षक नंद गोपाल साहू, संरक्षक उमाशंकर साहू, रामचंद्र साहू, सतीश बड़ाइक, उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, उपसचिव राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी रोहन बर्मन, रूपेश साहू, राजेन्द्र साहू, लखन नायक, मनोज महतो, धीरज नायक, राजकुमार लेहरी, भोला दास गोस्वामी, राजू चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# ठंड जाति-धर्म देखकर नहीं, बल्कि सभी पर एक समान प्रभाव डालता है : मनोज

## नामकुम में धूमधाम से मनी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को नामकुम में उत्साह के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने मिलकर कार्यक्रमों का आयोजन किया और नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह और जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने संयुक्त रूप से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि ठंड की कोई जाति या धर्म नहीं होता। वह सभी पर समान रूप से प्रभाव डालती है, इसलिए हमने सभी जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए। दूसरी ओर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के बैनर तले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स संघ के प्रदेश प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अल्प समय में अंग्रेजी हुकूमत को हिला दिया और 1943 में सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की घोषणा की। उन्होंने 'जय हिंद' के नारे को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं: उदय विश्वनाथ देशपांडे

**मलखंब खेल प्रदर्शन सह कार्यशाला का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित पराक्रम दिवस के मौके पर झारखंड मलखंब अकादमी रांची के तत्वावधान में गुरुवार को सेक्टर-2 धुर्वा के बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय प्रांगण में मलखंब खेल सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मलखंब खेल के भीष्म पितामह सह विश्व मलखंब गुरू एवं भारत के प्रथम पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित उदय विश्वनाथ देशपांडे शामिल हुए। इस अवसर पर हजारीबाग के विनोवा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह, विधालय सचिव सजल बनर्जी, परिषद के पूर्व कल्याण सचिव सुभाष मुखर्जी सहित सभी अतिथियों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर झारखंड मलखंब अकादमी, रांची के निदेशक सह अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के महासचिव डॉ अजय झा एवं विद्यालय सचिव सजल बनर्जी ने पद्मश्री उदय विश्वनाथ देशपांडे को मिथिला पाग, अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया। मुंबई से आये अंतरराष्ट्रीय मलखंब पदक विजेता आकाश कुमार सिंह और साक्षी कुमारी को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत बीएसपी वि के प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर उपाध्याय एवं सीनियर शिक्षक चन्द्र कान्त लाल ने किया। जबकि संचालन अजय झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका गीता गोराई ने किया। इस अवसर पर देशपांडे ने कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरुरत है इसे आगे बढ़ाने और इस खेल के प्रति लोगों को जागरुकता करने की। मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश सिंह, साक्षी कुमारी समेत अन्य ने आकर्षक खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर राजेन्द्र प्रजापति, मीना गांगुली, कोनिका पाल, आरती सिंह, रानी प्रमाणिक, सुष्मा कुमारी, दिव्या रानी गुप्ता, खुशबू कुमारी, वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार, शुभम सिंह, इन्द्रदेव तिवारी, सुनीता उरांव, मंगरू उरांव आदि उपस्थित थे।

**फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में फ्रेशर्स डे और फेयरवेल का आयोजन**

# सभी विद्यार्थी मेहनत-लगन से पढ़ाई करें और कॉलेज का नाम रोशन करें : जीनत कौशर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ओरमांझी।** इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस में गुरुवार को फ्रेशर्स डे एवं फेयरवेल का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के न्यू पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। साथ ही पारा मेडिकल एवं फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को फेयरवेल दिया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं की ओर से पेश किये गये आकर्षक गीत व नृत्य पर विद्यार्थी जमकर थिरके। काउसिंल परीक्षा में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की सचिव जीनत कौशर ने कहा कि सभी विद्यार्थी मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने कॉलेज का नाम रोशन करें। वहीं, पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा कि हमारा इंस्टिट्यूशन मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं के रणनीतिक शिक्षण के माध्यम से छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। नए विद्यार्थियों का अपने कॉलेज में स्वागत करती हूं। यह सुनिश्चित करती हूं कि हम आप सभी को शिक्षण संसाधनों, व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से लैस करने में हर संभव प्रयास करूंगा। जो यहां से अपना शिक्षण पूरा करके जा रहे हैं उनको आने वाली चुनौतीपूर्ण समय के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य संजीव कुमार कर, शकील परवेज, आशुतोष बेहेरा, मजहर अंसारी, प्रियातोष रंजन, जन्नत प्रवीण, मंजर आलम, शुभम कुमार, शबाना, सादिक अंसारी, शाहनवाज, आदित्य पवन, रचना आदि उपस्थित थे।

## टुंडाहोली मुखिया गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए पत्नी के साथ दिल्ली हुए रवाना



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** टुंडाहोली पंचायत में पड़नेवाले नशा मुक्त गांव आरा केरम के मुखिया रमेश बेदिया गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए पत्नी के साथ दिल्ली रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के बुलावे पर वे दिल्ली गयी हैं। मुखिया रमेश बेदिया को गाजे बाजे के साथ ग्रामीण रांची रेलवे स्टेशन छोड़ने आये थे।

## ऋण चुकाओ-ऋण पाओ योजना के तहत शिविर आयोजित



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** बैंक आफ इंडिया के बैनर तले ऋण चुकाओ और ऋण पाओ योजना के तहत गुरुवार को नगडी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगडी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों खाताधारी शामिल हुए। नगडी बीओआइ के वरीय मुख्य शाखा प्रबंधक शैलेंद्र सुमन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बैंक के खाताधारियों का एनपीए केसीसी खातो का एकमुश्त विपणन कर बंद कर उन्हें जीरो ब्याज पर पुनः केसीसी देना है। इस दिन शिविर में कुल 31 खाता धारियों से बैंक को दो लाख रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, उप आंचलिक प्रबंधक असीम कुमार ने कहा कि बैंक से लोन प्राप्त कर उसका सद्उपोग करें। खाता को लगातार अप-टू-डेट करें। शिविर में लगभग 300 लोगों ने भाग लिया। मौके पर सुमन शर्मा, जसीम अंसारी, वशिष्ठ पाठक आदि मौजूद थे।

# गुमला में श्रद्धा से याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस

## संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों में पुष्पांजलि अर्पित कर नेताजी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में प्राथमिक एवं माध्यमिक दोनों खंडों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंहा, आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी सुदर्शन शर्मा, संजय कुमार तथा कार्यक्रम प्रमुख अशोक कुमार नेताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों का परिचय आचार्य अशोक कुमार के द्वारा किया गया। भैया बहनो द्वारा भाषण तथा देशभक्ति आधारित गीत सभा कक्ष में बैठे सभी भैया बहनों को देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत कर दिया। अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सुभाष चंद्र बोस को अद्वितीय देशभक्त, स्वतंत्रता प्रेमी, दृढ़ संकल्पी बताया। उन्होंने नेताजी के जीवन को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने की बात कही। प्राथमिक खंड में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस की जीवन से जुड़ी भाषण नृत्य और मनमोहक गीत प्रस्तुत की। आचार्या पूनम कुमारी ने नेताजी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण संस्मरणों को बच्चों के सामने प्रस्तुत की। आचार्य शांतनु कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी की उपस्थिति रही।

### 26 को मोतियाबिंद जांच शिविर का होगा आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ, गुमला के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें आंखों की सभी तरह का बीमारियां एवं ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त किया जायेगा। यह ऑपरेशन रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉक्टर नवल व टीम के द्वारा किया जायेगा। जिन लोगों को आंखों का इलाज करना हो ऑपरेशन करना हो तो अपना रजिस्ट्रेशन लायंस क्लब के सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल के प्रतिष्ठान में करा सकते हैं, और अपना जगह सुनिश्चित कर सकते हैं। लायंस क्लब ऑफ गुमला, के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर लायंस क्लब के सचिव अशोक कुमार जायसवाल के द्वारा झंडा तोलन प्रातः 8:10 बजे क्लब परिसर में किया जायेगा।

### कसपुर गांव में निकला आठ फिट लंबा अजगर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कसपुर गांव में गुरुवार की सुबह विशाल अजगर सांप मिलने पर दहशत फैल गयी अजगर की लंबाई करीब 8 फीट है और वजन 10 किलोग्राम है। ग्रामीणों ने भंडरा निवासी शकील अहमद को इसकी सूचना दी देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी।

### आवासीय विद्यालय के छात्रों ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के अवसर पर सिसई प्रखंड अवस्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय में छात्रों द्वारा नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानाध्यापिका मीणा साहू द्वारा नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व से छात्रों को साहस, पराक्रम और निडरता के साथ देशप्रेम की सीख लेने की प्रेरणा दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के एक छात्र को नेताजी के गणवेश में तैयार कर विद्यालय के बैंड दल की अगुवाई में सभी छात्रों द्वारा बैंड की मधुर धुन पर मार्च पास्ट करते हुए रोड शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के लेखापाल सुजीत झा एवं सभी शिक्षकों के नेतृत्व में छात्रों के लिए चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराते हुए उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया तथा नेताजी जयंती के अवसर पर विद्यालय में सभी छात्रों के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा विशिष्ट मिष्ठान भोजन का भी आयोजन किया गया।

### लायंस क्लब ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा गुरुवार 23 जनवरी 2025 को स्थानीय पटेल चौक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी और उनको श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सचिव अशोक कुमार जायसवाल ने कहा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हम उन्हें याद करते हैं और उनके योगदान को सलाम करते हैं। वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। वह एक बंगाली कायस्थ परिवार से ताल्लुक रखते थे। सुभाष चंद्र बोस ने अपनी शिक्षा कोलकाता और कैंब्रिज विश्वविद्यालय में प्राप्त की। वह एक उत्कृष्ट छात्र थे और उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। हालांकि उन्होंने आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने लगे। सुभाष चंद्र बोस ने ही आजाद हिंद फौज का गठन किया और जापान के सहयोग से अंग्रेजी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वह एक महान नेता और सैन्य रणनीतिकार थे, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हमने याद करते हैं उनके योगदान को सलाम करते हैं वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

# कोजांग में खरवार भोक्ता विकास संघ का सामाजिक सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रायडीह प्रखंड के कोजांग में गुरुवार को संपन्न सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि खरवार भोगता समाज शाही नीलांबर पीतांबर के वंशज है। देश व समाज के प्रति उनका समर्पण हमारे लिए प्रेरणा और उनकी साहस वीरता व बलिदान हमारी पहचान है। नीलांबर पीतांबर का इतिहास ने हमें अपने मूल जाति एसटी का अधिकार वापस दिलाया है। बच्चों को शिक्षित और संगठित करना है। राजनीति अधिकार हासिल करना है। आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ना है और जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। शाही नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। केंद्रीय महासचिव जगरनाथ प्रधान ने भोगता समाज को एसटी में वापस लाने के लिए किए गए सांगठनिक संघर्ष से समाज के लोगों को अवगत कराया। संरक्षक विश्वनाथ प्रधान ने खरवार समाज के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि रोहतास गढ़ में धवल प्रताप के पांच पीढ़ी ने शासन किया था और वह खरवार भोगता से आते थे। मुगलों के आक्रमण के कारण खरवार भोगता समाज सुदूर वन क्षेत्र में संरक्षण लेने को विवश हुआ। अब हम जागरूक हो रहे हैं। अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा और संगठन को मजबूत करना है। जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान, बलराम प्रधान, सचिव भरत प्रधान, हीरा प्रधान आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित होने की आवश्यकता पर बल दिया।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त के निर्देशानुसार गुमला सड़क सुरक्षा के द्वारा गुरुवार 23 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर डुमरी बाजार, चैनपुर बाजार एवं कासिर बाजार में नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया की सड़क सुरक्षा, यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, इमरजेंसी सेवा तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें। अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष के साथ नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। अतः इन सब को देखते हुए पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लायी जा सकती हैं।

# अपनी रणनीतिक सोच से नेताजी ने जनता का विश्वास जीता : भवानी प्रसाद राय




आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों में सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरुवार को मनायी गयी। इस दौरान विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा, चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रंहे व स्वरूप सरस्वती शिशु सह विद्या मंदिर सहित कई विद्यालयों में जयंती मनायी गयी। इस दौरान सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर दीपार्जन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के निदेशक भवानी प्रसाद राय, विजय साहू व देवव्रत सिंह ने कहा सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उन्होंने तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देश के युवाओं में जोश भर दिया था। नेताजी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में काम किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपनी रणनीतिक सोच और सशक्त नेतृत्व से जनता का विश्वास जीता। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए सैन्य संघर्ष का नेतृत्व किया। इस मौके पर मुख्य रूप से अजीत लकड़ा, प्रेमचंद कुमार, मनोज साहू, मीना देवी, तरुण वर्मा, लीलावती उरांव, महेंद्र एक्का, दीपिका कुमारी, रिंकी कुमारी व जलेश्वर उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# पोखरी, छिपादोहर समेत अन्य क्षेत्रों में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** झामुमो द्वारा गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पोखरी, उकामाड़ केड में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भारी संख्या में झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सदस्?यता अभियान झामुमो नेता सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी व बुधेश्वर उरांव के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमे पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ने कहा 50000 नए सदस्य बनाए जायेंगे। इसमें सभी कार्यकर्ता लग गये है। मौके पर सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया। वहीं फरवरी माह तक सभी पंचायत एवं वार्ड समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सभी संयोजक मंडली सदस्य बूथ स्तर तक जायेंगे और नये सदस्य जोड़ने का काम करेंगे।

# गुमला को खेल नगरी के रूप में पुनः देखना ही उद्देश्य है : सैयद जुन्नू रैन

### 38 वें राष्ट्रीय खेल के लिए गुमला के दो खिलाड़ियों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए इस बार उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेल ध्वज मिला है। जो कि 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में आयोजित होगी। ज्ञात हो कि इस राष्ट्रीय गेम्स पर सिर्फ वही राज्य या सिर्फ वही खिलाड़ी भाग ले सकते है जो सीनियर नेशनल में टॉप 7 में रहे हो। जिसमें हैंडबॉल और बीच हैंडबॉल दोनों टीम शामिल है। झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव और स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के जन्मदाता सैयद जुन्नू रैन को झारखंड बीच हैंडबॉल के टीम प्रबंधक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सैयद जुन्नू रैन को 27 जनवरी से 1 फरवरी तक ऋषिकेश के टीबीडी में आयोजित बीच हैंडबॉल में झारखंड राज्य की टीम प्रबंधक के रूप में नेतृत्व करते नजर आएंगे। यह गुमला जिला के लिए है गर्व की बात है कि 38वी राष्ट्रीय खेल जैसे बड़े खेल में नियुक्त करना है। इस मौके पर जुन्नू रैन ने कहा कि वर्षों से अच्छे खेल के प्रदर्शन के आधार पर गुमला जिला को खेल नगरी के रूप में जाना जाता है। बीच में गुमला गुम सा हो गया था। मगर स्पोर्ट्स अकादमी के चलते फिर से यह खेल नगरी का नाम वापस आता दिख रहा है साथ ही स्पोर्ट्स अकादमी से दो होनहार खिलाड़ी जिनका चयन 38 वीं राष्ट्रीय खेल के लिए हुआ है जिसमें दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर शामिल है। मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष हफीजुर रहमान ने इस बड़ी उपलब्धि पर सैयद जुन्नू रैन को माला पहना कर शुभकामनाएं दी। वही समाजसेवी सह हिंदुस्तान होटल के मनीष साहू ने मिठाई खिलाकर व माला पहना कर बधाई दिया। साथ ही क्रिस्टीना टोप्पो, सीनियर खिलाड़ी में विकाश साहू, दीपक कुमार, विक्रम राज, अरीब आब्दीन, तौसीफ, अकेबुल प्रीति उपस्थित थे।

# नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के वीर क्रांतिकारी नायक थे : फिरोज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला अध्यक्ष चैतू उरांव के निर्देशानुसार गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम की अध्यक्षता में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी। फिरोज आलम ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म उड़ीसा के कटक क्षेत्र में 23 जनवरी 1897 को हुआ। अपनी माता प्रभावती के 14 बच्चो में नेता जी 9 वीं संतान थे। नेताजी के पिता जानकी नाथ बोस कटक के एक मशहूर सरकारी वकील थे।

नेताजी बीए की परीक्षा कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी से पास किये। सन 1920 में नेताजी प्रशासनिक परीक्षा सें के चौथा स्थान प्राप्त करके उत्तीर्ण हुए।

स्वामी विवेकानंद व अन्य से प्रभावित नेताजी 1921 में नौकरी से इस्तीफा दे दिये। नेताजी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर क्रांतिकारी नायको में से एक थे।

मुख्य रूप से उपस्थित जिला महामंत्री मोहम्मद खालिद, रामनिवास प्रसाद, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मीरा हामिद, जिला सचिव इबरार अंसारी, खुर्शीद आलम, मिनहाजुद्दीन खान, मोहम्मद इकराम उल हक आदि उपस्थित थे।


## स्पोर्ट्स

मैडिसन कीज ने इगा स्वातेक को सेमीफाइनल हराया। 25 जनवरी को खिताबी मुकाबला। मैडिसन ने दूसरी सीड पौलेंड की इगा स्वातेक को 3 सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराया।

# सबालेंका लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** डिफेंडिंग चैंपियन एरिना सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गई हैं। सबालेंका ने लगातार तीसरी बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाई। 25 जनवरी को खिताबी मुकाबले में उनका सामना अमेरिका की मैडिसन कीज से होगा। मेलबर्न के रॉड लेवर एरिना में बेलारूस की सबालेंका ने स्पेन की पाउला बडोसा को हराया। उन्होंने 6-4, 6-2 के अंतर से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियन ओपन में यह उनकी लगातार 20वीं जीत रही, वे 2023 और 2024 में भी टाइटल जीत चुकी हैं।



**मैडिसन ने किया बेहतरीन कमबैक**

मैडिसन ने दूसरी सीड पौलेंड की इगा स्वातेक को 3 सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराया। मैडिसन ने पहला सेट 5-7 के अंतर से गंवा दिया। उन्होंने फिर वापसी की और दूसरा सेट 6-1 के अंतर से जीत लिया। तीसरे सेट में स्वातेक 5-6 से आगे चल रही थीं, मैडिसन ने यहां कमबैक किया और 7-6 (10-8) से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले आज**

मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जायेंगे। पहला सेमीफाइनल नोवाक जोकोविच और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और बेन शेल्टन के बीच होगा।

ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूनार्मेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया 'टेनिस ऑस्ट्रेलिया' बन गया।

# जयंती पर याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह, प्रवक्ता पप्पू सिंह, मो इसराफिल, इरफान, हामिद राजा, गुलाम सर्वर, कलीम बाबा, कुंदन और राजा आदि ने नया बाजार स्थित सुभाष चौक पर नेताजी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया। पप्पू सिंह ने कहा कि नेताजी का नाम देश के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। वे बचपन से ही प्रतिभाशाली और साहसी थे। वहीं, दिलीप सिंह ने कहा कि नेताजी का नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतीय के दिलों में जोश और प्रेरणा भर देती है। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और देश की आजादी के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। उनका मानना था कि स्वतंत्रता केवल संवाद और अहिंसा से संभव नहीं है, इसके लिए क्रांति और संघर्ष की आवश्यकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए साहस, दृढ़ निश्चय और त्याग जरूरी है।

# यूपी पुलिस ने साइबर ठगी के दो संदिग्धों को धनबाद से दबोचा

## एक युवक पेट्रोल पंप में करता है काम, चल रही छापामारी

- धनबाद कोयलांचल में 2025 में अब तक पकड़े जा चुके हैं 14 साइबर अपराधी
- 21 जनवरी को ही जोड़ाफाटक स्थित नंदलाल अपार्टमेंट से पकड़े गये थे छह साइबर ठग

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** साइबर ठगी के आरोपितों को पकड़ने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की चार सदस्यीय टीम गुरुवार को धनबाद के बस्ताकोला पहुंची है। उत्तर प्रदेश के एटा थाना में दर्ज साइबर ठगी की शिकायत की छानबीन को लेकर वहां की पुलिस दनबाद पहुंची है। सूत्रों की मानें तो यूपी पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए युवको में से एक पेट्रोल पंप का कर्मी बताया जा रहा है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है।



घटना की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

बतातें चलें कि एक दिन पहले ही धनबाद साइबर थाने की पुलिस ने तेलंगाना और बिहार के छह लड़कों को पकड़ा था। गौरतलब हो कि इस साल के जनवरी महीने में अबतक 14 गिरफ्तारियां हो चुकी है। बावजूद इसके साइबर अपराधी नियंत्रण में नहीं आ रहे है। प्रतिबिंब ऐप की मदद से पुलिस जिस रफ्तार से उन्हें गिरफ्तार कर रही है, उससे तेज गति से साइबर अपराधी कोयलांचल में अपने पांव पसार रहे है। खास बात है कि धनबाद में बैठकर नी केवल झारखंड और बिहार, बल्कि दक्षिण भारत के लड़को को बुलाकर वहां के प्रदेशों से भी ठगी कर रहे है। किसी कार्पोरेट संस्थान की तरह मंथली सैलरी पर दूसरे प्रदेशों के बेरोजगार लड़कों को धनबाद बुलाते हैं। जो किराया पर मकान लेकर ठिकाना बनाते है और फिर साइबर ठगी में शामिल हो जाते है।

बतातें चलें कि मंगलवार की रात को ही पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों के एक बड़े गैंग को पकड़ा था। जोड़ाफाटक स्थित नंदलाल अपार्टमेंट से पुलिस ने चह साइबर अपराधियों को रंगे हाथ पकड़ा था। इनमें चार तेलंगाना और दो बिहार के थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि साइबर अपराधी नंदलोक अपार्टमेंट के कमरा नंबर 303 को अपना ठिकाना बनाए हुए है। इस सूचना पर पुलिस ने जब दबिश डाली तो छह साइबर अपराधी पकड़े गए। जानकारी के मुताबिक साइबर पुलिस प्रतिबिंब एप के जरिए अपराधियों का पता चला उसके बाद यह कार्रवाई हुई। पुलिस ने उनके पास से कुल 13 मोबाइल फोन और सीम बरामद किये है। किन शर्तो पर घर भाड़े पर दिए गए थे, पुलिस इसकी भी जांच कर रही है।

# केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री का भाजपा नेता ने किया स्वागत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** संविधान गौरव अभियान के तहत झारखंड प्रवास पर आये केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान गुरुवार को धनबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह के हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे थे। जहां पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने अमरेश सिंह के परिजनों से मुलाकात की। वहीं, अमरेश सिंह ने मंत्री जी से ग्रामीण परिवेश के विकास योजनाओं व विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर अमरेश सिंह के पिता राम अवतार फाउंडेशन के चेयरमैन राज कुमार सिंह, मां शीला सिंह, बहन डॉ सुनीता सिंह, पत्नी मृदुला सिंह, बहनोई प्रशांत सिंह, भाई अरविन्द सिंह आदि मौजूद थे।

# नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी व सबसे बड़े नेता थे : डॉ अरुण



**सिजुआ (आजाद सिपाही)।** शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ अरुण कुमार महतो ने कहा कि नेताजी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी और सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया थ। उनके द्वारा दिया गया 'जय हिंद' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। 23 जनवरी को पूरे देश में शौर्य दिवस के रुप में मनाया जाता है। एक महान राष्ट्रभक्त जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए लड़े। उनकी प्रेरक बातें रग-रग में देशभक्ति का जज्बा जगाती हैं। सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर महाविद्यालय उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। मौके पर प्रो मोकितउद्दीन, प्रो रमेश प्रसाद, प्रो अविनाश कुमार, प्रो राखोहारी महतो, प्रो राजू महतो, प्रो मनोज कुमार महतो, प्रो मेघनाथ महतो, प्रो राकेश कुमार महतो, प्रो पंचानन सिंह चौधरी, प्रो शेखर महतो, प्रो चमन महतो, मोहित कुमार महतो, जितेंद्र महतो, तेंदुलकर भट्ट, चक्रधर महतो, लालू महतो, राहुल कुमार, नेहा कुमारी, भुनेश्वर महतो, शंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार पर अवैध कोयला कारोबारियों के हमले की निंदा, हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कोयला के अवैध कारोबारियों द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार पर किये गए हमले की समाजसेवी सह वियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कड़ी निंदा की है। कहा कि कोयला के अवैध कारोबारी पहले पुलिस पर पत्थरबाजी किए। अब पत्रकार पर हमला कर अपहरण करने का प्रयास करना उनके बढ़ते मनोबल का प्रमाण है। यह धनबाद पुलिस के लिए अपपराधियों की खुली चुनौती है। धनबाद पुलिस तुरंत हस्तक्षेप करते हुए अपराधियों पर



लगाम लगायें। बतातें चलें कि राजगंज थाना क्षेत्र के अवैध कोल व्यवसाई उज्जल कुमार दे बुधवार की शाम अपने चार अन्य साथियों के साथ कतरास थाना क्षेत्र के राहुल चौक पर पत्रकार निकेश पांडेय को घेर लिया और उनके साथ मारपीट करने के बाद अपहरण करने का प्रयास किया। हालांकि असफल होने पर गाड़ी को हॉकी स्टिक से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद मौके पर भीड़ बढ़ती देख हमलावर वहां से भाग निकले। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग पत्रकार को पकड़ कर अपने गाड़ी की ओर खींचकर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, पत्रकार लोगों से खुद को बचाने की गुहार लगाते दिख रहे हैं। इस घटना के बाद भुक्तभोगी ने कतरास थाना पहुंचकर इसकी लिखित शिकायत की है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। बतातें चलें कि कुछ दिन पहले ही अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा बाघमारा एसडीपीयो पुरुषोत्तम कुमार सिंह पर हमला किया था, जिसमें एसडीपीओ गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिना अभी भी इलाज चल रहा है। हालांकि मुख्य आरोपी सहित अन्य कई आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

# गोमिया के होसीर में याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसीर में राष्ट्रीय आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनकी आदम कद प्रतिमा पर देश भक्त नागरिक मंच की ओर से माल्यार्पण कर नमन किया गया। मंच के संयोजक अरुण कुमार यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सहायक अंचल सचिव देवानंद प्रजापति, पार्टी के जिला परिषद सदस्य खुर्शीद आलम, पंसस विष्णु लाल सिंह, करन महली, जावेद हसन, रोहित यादव, पवन यादव और सुमित कुमार गुप्ता आदि ने भी माल्यार्पण कर नमन किया।

# बच्चों ने नगर भ्रमण कर दिया नेताजी का संदेश

अनपती स्कूल ने मनायी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** फुसरो के अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को नेताजी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर के साथ फुसरो के सुभाष नगर के सुभाष चौक में नगर भ्रमण के साथ किया गया। जिसकी अगुवाई प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने किया। साथ में विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ आचार्य साधन चंद्र धर, आचार्या भगवती नोनिया ने



सुभाष चौक में प्रतिष्ठित 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही पूरे सुभाष नगर, जवाहर नगर में पथ संचलन कर सुभाष चंद्र बोस के संदेश को लोगों तक पहुंचाया। विद्यालय से कक्षा सप्तम से दशम तक के सभी विद्यार्थी में इसमें शामिल हुए। साथ ही वहां के लगभग 100 से अधिक प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय की आचार्या भगवती नोनिया ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया। जबकि आचार्य साधन चंद्रधर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को महान सपूत बताते हुए उनके पराक्रम को विद्यार्थियों के बीच रखा। विद्यार्थियों से नेताजी की जीवनी से सीख लेते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। वहीं, प्रधानाचार्य ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनमें जो आदर्श और देश प्रेम का जज्बा था वह सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। नेताजी एक महान स्वतंत्रता सेनानी, सच्चे देशभक्त एवं भारत माता के महान सपूत थे। मौके पर राकेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार, नवल किशोर सिंह, अपर्णा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# सिविल कोर्ट ने डिग्रीधारी को दिलायी 42 डिसमिल जमीन पर दखल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना अंतर्गत राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप 14 वर्ष से चल रहे 42 डिसमिल की एक जमीन विवाद में तेनुघाट न्यायालय के फैसला डिग्रीधारी बैजनाथ महतो के पक्ष में आया। फैसला आने पर सिविल कोर्ट ने डिग्रीधारी बैजनाथ महतो को उनकी जमीन पर दखल दिहानी दिलायी। तेनुघाट न्यायालय में केस संख्या-33/2010 हरिशंकर याग्निक की ओर से अपने बड़े पुत्र पद्मा शंकर याग्निक को बेदखल करने का मामला चल रहा था। इसमें पिता हरिशंकर याग्निक के पक्ष में फैसला आया। हरिशंकर के बड़े पुत्र पद्मा शंकर याग्निक के केस हारने के बाद उसने बोकारो जिला न्यायालय में अपील कर केस संख्या-01/2013 दायर किया था। इसमें न्यायालय द्वारा वर्ष 2024 में अपील खारिज कर दिया गया है। उसी बीच हरिशंकर याग्निक के दूसरे पुत्र संजय कुमार याग्निक व पुत्री दमयंती तिवारी एवं पावर ऑफ अटॉर्नी द्वारा दिये गये बैजनाथ महतो ने तेनुघाट न्यायालय में दायर किया, जो न्यायालय द्वारा फैसला बैजनाथ महतो के पक्ष आया।

# नेताजी जयंती पर 'मैं हूं धनबाद' ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 'मैं हूं धनबाद' नामक संस्था की ओर से गुरुवार को अभियान चलया गया। संस्था की अध्यक्ष पूजा रत्नाकार ने बताया कि अभी सड़क सुरक्षा दिवस चल रहा है। इसलिए जिला प्रशासन के सहयोग से रणधीर वर्मा चौक पर सभी वाहनों (दो, तीन व चार पहिया) पर रिप्लेटिव टेप लगाया गया, ताकि सड़कों पर खड़े वाहनों को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही बाइक चला रहे लोगों के हेलमेट पर भी रिप्लेटिव टेप लगाया गया, ताकि वे सुरक्षित रह सकें। 'मैं हूं धनबाद' के बैनर तले इस तरह का कार्यक्रम कर सभी को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उम्मीद है कि ऐसे क्रियाकलापों से धनबाद में सड़क दुर्घटना की संख्या में कमी आएगी। इस मौके पर कल्पना झा, विकास सिंह चौधरी, प्रदीप कुमार सिंह, राहुल सिंह, मोहमद आशिफ इकबाल, इमरान मलिक और अनिल जैन आदि उपस्थित थे।

## झरिया में नेताजी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# नेताजी के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत: राजकुमार अग्रवाल

**झरिया (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल नागरिक मंच के नेतृत्व में महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सदस्यों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कोयलांचल नागरिक मंच के संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि नेताजी ने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुझे आजादी दूंगा' का नारा देकर देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाई थी। लेकिन आज भी हम आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक गुलामी में जकड़े हुए हैं। इस लिए आपसी मतभेदों को दरकिनार कर एकजुट होकर झरिया को बचाने और विकास के लिए एक छत के



नीचे आकर काम करने की जरूरत है। कहा कि झरिया के लोग प्रदूषण और विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। वहीं, राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि झरिया पूरे देश को रोशन करने की शक्ति रखती है। उसके अस्तित्व को बचाने की चिंता अवश्य करनी चाहिए। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, दीपू साहू, देवी साव, डॉ मनोज सिंह, अजय वर्मा, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अरुण साव, राजेंद्र अग्रवाल, संजीत केशरी, अरविंदम बनर्जी, अरबिंद साव, नवीन केशरी, अवधेश साव, अजय केशरी, अमित साव, दिलीप भारती, सुशील अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# जोड़ापोखर पुलिस ने जब्त किया अवैध गिट्टी लदा हाइवा

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर पुलिस की गश्ती दल ने फुसबंगला चौक के निकट दो हाइवा को जब्त किया, जिस पर अवैध गिट्टी लदे थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध गिट्टी विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस दिन सुबह 10 बजे बलियापुर के क्रेशर से गिट्टी लाद कर फुसबंगला होते हुए डंफर से पुटकी रोड की ओर गिट्टी ले जाया जा रहा था। तभी जोरापोखर गश्ती दल ने दोनों डंफर को पकड़



लिया। कागजात की मांग करने पर चालक दिखा नहीं सका। जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। चालक ने गाड़ी पकड़े जाने की सूचना अपने मालिक को दे दी है। फिलहाल दोनों डंफर को पुलिस अपने कब्जे में रखा है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनायी नेताजी की जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**आइइएल।** गोमिया स्थित गायत्री लॉज परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह गोमिया प्रभारी अनिल स्वर्णकार उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज ने कहा कि नेताजी के नाम से मशहूर और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अतुलनीय योद्धाओं में सुभाष चंद्र बोस का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। सुभाष चंद्र बोस की हर साल 23 जनवरी को जयंती मनाई जाती है। लोग इस दिन भारत को स्वतंत्रता दिलाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हैं। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर, मंडल सदस्यता प्रभारी अजय तिवारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलामंत्री दरबारी मांझी, पूर्व अध्यक्ष गन्दौरी राम, मंडल उपाध्यक्ष ओम किंकर वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा पासवान, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष उमेश ठाकुर, वरिष्ठ कार्यकर्ता शंभू श्रीवास्तव, महिला मोर्चा महामंत्री काजल कुमारी, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

## भारत-इंग्लैंड वनडे मैच 9 फरवरी को कटक में खेला जायेगा

# ओसीए के अध्यक्ष ने सीएम को वनडे क्रिकेट मैच के लिए आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक बारबाटी स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय भारत-इंग्लैंड क्रिकेट वनडे मैच 9 फरवरी को खेला जायेगा, इसके लिए सारी तैयारी हो चुकी हैं। ओसीए के अध्यक्ष और संपादक ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को 9 फरवरी को बारबाटी स्टेडियम में होने वाले भारत-इंग्लैंड वनडे क्रिकेट मैच के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने पहला टिकट बुधवार को ओसीए से खरीदा है। मुख्यमंत्री मोहन माझी के बाद केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बारबाटी का टिकट खरीदा। भारत और इंग्लैंड के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच 9 फरवरी को कटक के बारबाटी स्टेडियम में होगा। इस मौके पर ओड़िशा क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने संबलपुर में मुलाकात हुई। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने क्रिकेट मैच के आयोजन और व्यवस्थाओं पर चर्चा की और मैच के टिकट खरीदे। उनसे पहले मुख्यमंत्री मोहन माझी ने भी बारबाटी मैच का टिकट खरीदा था। ओड़िशा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष पंकज महांति, संपादक संजय बेहेरा, अंगुल विधायक और एपेक्स काउंसिल सदस्य प्रताप प्रधान, ओडिशा ओलंपिक एसोसिएशन के संपादक अभिजीत पाल, पूर्व विधायक ललिटेंदु महापात्र ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की।

## खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना में प्रगति



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें दसपल्ला और अधेनीगढ़ के बीच खंड के लिए महत्वपूर्ण चरण क्क वन मंजूरी हासिल करना भी शामिल है। अब तक, कुल 301 किलोमीटर रेल लाइन में से 226 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है, जिसमें खुर्दा रोड से दसपल्ला तक 106 किलोमीटर और बलांगीर से पुरुनाकटक तक 120 किलोमीटर शामिल है। पुरुनाकटक और दसपल्ला के बीच शेष 75 किलोमीटर पर काम जारी है। इस परियोजना के लिए 3,274.336 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता थी, जिसमें 746.42 हेक्टेयर वन भूमि भी शामिल थी। सबसे महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती दसपल्ला और पुरुनाकटक (किमी 112-180) के बीच वन मंजूरी थी, जिसमें 594.618 हेक्टेयर घने जंगल शामिल थे। वन विभाग के परामर्श से, परियोजना दल ने एक व्यापक वन्यजीव संरक्षण योजना विकसित की, जिसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), ओड़िशा द्वारा अनुमोदित किया गया था। वायडक्ट और सुरंगों सहित सभी इंजीनियरिंग समाधानों को पेड़ों की कटायी को कम करने और वन क्षेत्र की रक्षा के लिए डिजाइन किया गया था। इस परिवर्तनकारी बुनियादी ढांचा परियोजना का समय पर पूरा होना सुनिश्चित होगा। **सुरंग निर्माण और इंजीनियरिंग चुनौतियां** रेल लाइन में दसपल्ला और पुरुनाकटक के बीच 75 किलोमीटर की दूरी पर सात सुरंगें शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई 12.76 किलोमीटर है। ये सुरंगें रेलवे निर्माण में सबसे चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धियों में से कुछ का प्रतिनिधित्व करती हैं। विशेष रूप से, सुरंग संख्या 4, जो बुगुडा और बनिगोछा के बीच 4.885 किलोमीटर तक फैली हुई है, परियोजना में सबसे लंबी है और इसमें सुरक्षा के लिए 700 मीटर की एस्केप सुरंग शामिल है। सुरंग संख्या 1 और सुरंग संख्या 3 में अन्य प्रमुख सफलताएं कठिन भूगर्भीय स्थितियों, मिट्टी के विभिन्न घनत्वों और चट्टानों की संरचनाओं पर काबू पाने में हुई प्रगति को उजागर करती हैं। कुल मिलाकर, परियोजना की 7 सुरंगों में से 5 सुरंगों में सफलता पहले ही मिल चुकी है। भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण यह रेल लाइन ओड़िशा के सुदूर इलाकों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना न केवल कनेक्टिविटी में सुधार करने का वादा करती है बल्कि आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता का भी समर्थन करती है, जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र में बदलाव आयेगा।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती सह पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती सह पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन कटक क्लब कटक में वीर सावरकर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किया गया। 'सुभाष, सावरकर ने देश को आजाद किया-गांधी ने नहीं' लेखक इंजीनियर श्याम सुंदर पोद्दार, पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि सात्यकी अशोक सावरकर (वीर सावरकर के पौत्र) के कर कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सात्यकी अशोक सावरकर ने कहा कि शास्त्र के साथ साथ शस्त्र की शिक्षा भी दी जानी आवश्यक है। महासचिव श्याम सुंदर पोद्दार ने कहा कि सुभाष बाबू को वीर सावरकर के द्वारा ही प्रेरणा मिली थी। वीर सावरकर से प्रेरित होकर सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज बनायी। सम्पूर्ण देशवासियों को इसे जानना चाहिए। विशिष्ट अतिथि गोविंद जैथलिया (कोलकाता) ने कहा कि बच्चों में सुसंस्कार स्थापित हो, इसका प्रयास हम सभी को करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता और संचालन फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष धर्म चंद्र पोद्दार ने कहा कि वीर सावरकर फाउंडेशन भारत विभाजन नरसंहार में मारे गये करोड़ों निरीह हिंदुओं को समर्पित संगठन है। जमशेदपुर के डॉ पीके दत्ता भी उपस्थित थे। इसके अलावे देश विदेश के अनेक स्थानों में भी नेता जी की जयंती मनायी गयी। जिसमें मुख्य रूप से एके जिंदल, डॉ आर एस अग्रवाल, अनीता यादव, बिदेह नंदिनी चौधरी, मोती लाल शर्मा, राज कुमार सिंह, निशा वाणी, अंतयार्मी पांडा, शिव शंकर पाल, दुर्गा मुखोपाध्याय सुखेन मुखोपाध्याय, मेघाश्री मुखोपाध्याय, ओम प्रकाश अग्रवाल, केदार नाथ गोयल, रवि शंकर झा और आरती श्रीवास्तव आदि के सम्मिलित हैं।

# नक्सलियों पर कार्रवाई के बाद भी चौकस है ओड़िशा पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** गरियाबंध नुआपड़ा सीमा पर नक्सलों के प्रवेश की सूचना थी। नुआपड़ा एसपी को अपने ही स्त्रोतों से खबर मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। यह अभियान ओड़िशा, छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से शुरू किया था। नक्सली घुसपैठ की खबर मिलने के बाद 19 तारीख को ओड़िशा-छत्तीसगढ़ पुलिस और सीआरपीएफ जवानों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन चलाया। और 20 तारीख को सफलता मिल गयी। टीम ने एक-एक करके माओवादियों को मार गिराया। 21 तारीख तक 14 माओवादियों के शव बरामद किया गया था, हालांकि इसमें दो जवान घायल हो गये। हाइ अलर्ट अभी भी जारी है।

ओड़िशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये है। कोई भी नक्सली राज्य में प्रवेश नहीं कर सकता, पता चला है कि अब 20 से 40 नक्सली है। भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। माओवादियों का ऑपरेशन कैसा था, इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक वाइबी खुरानिया ने दी है।

## नब दास हत्या कांड में सरकार जल्द लेगी फैसला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। सरकार जल्द ही ओडिशा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और बीजद विधायक नव दास हत्या मामले पर फैसला लेगी। जांच प्रक्रिया को लेकर सरकार आगे फैसला लेगी। एक-एक करके अलग-अलग तथ्य सामने आ रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान भय के माहौल के कारण कई लोगों ने अपना मुंह नहीं खोला। यहां तक कि नब दास के परिवार वालों ने भी मुंह खोलने की हिम्मत नहीं की। बहुत सारे तथ्य धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं, और आने वाले दिनों में उन सभी तथ्यों की जांच हो सकती है।

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या : TRD-OT-12-Cd-Cu-Cat-24-25. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Dhanbad division-BRWD-Garwa Road (CIC section) - All Aluminium Alloy Catenary wire replacement with Cadmium Copper catenary wire (Phase-IX). कार्य समापन की अवधि – (18) अठारह माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹57,08,614.70, निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य। 3. बीड सिक्युरिटि : ₹1,14,200/–. 4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होने की तिथि 12.02.2025 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 12.02.2025 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./ पूमरे/धनबाद

पीआर/01981/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/36

# खोरधा रोड मंडल ने किया दिव्यांगता पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधा रोड।** फ्रंटलाइन कर्मचारियों को दिव्यांग व्यक्तियों की जरूरतों और दिव्यांगों के लिए रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। खोरधा रोड मंडल ने ट्रैफिक कॉलोनी कल्याण मंडप, खोरधा रोड में विशेष योग्यता वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए फ्रंटलाइन कर्मचारियों के लिए एक संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 फ्रंटलाइन कर्मचारियों यानी रेल सुरक्षा बल कर्मि, टिकट जांच कर्मि, परिचालन विभाग के कर्मचारी और खोरधा रोड मंडल के कुछ दिव्यांग कर्मचारियों ने भाग लिया। सन्यासी बेहरा, उप सचिव, विकलांगजन सामाजिक सुरक्षा और सशक्तिकरण विभाग, ओड़िशा सरकार, ने वक्ता के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशांत कुमार प्रधान, सांकेतिक भाषा के व्या ख्यारकार ने दिव्यांग कर्मचारियों के लिए सांकेतिक भाषा में व्याख्यान दिया। सन्यासी बेहरा ने विस्तार से बताया कि सुलभता एक मौलिक अधिकार है और दिव्यांगों के लिए बाधा मुक्त वातावरण होना चाहिए। दिव्यांगजनों को 'दिव्यांगजनका अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम 2016' के तहत समानता का अधिकार, पूर्णता की गरिमा औरसम्मान का अधिकार है। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 में प्रावधान है कि सरकार दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करके उनकी क्षमता का उपयोग करने के लिए कदम उठायेगी। दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने, उन्हें आरामदेह और स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं पर एक स्वस्थ चर्चा की गयी। दिव्यांगजनों के लिए भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में रेलवे स्टेशनों पर ब्रेल और स्पर्शनीय संकेत, ट्रेनों में विशेष रूप से डिजाइन किये गये एसएलआरडी कोच, ब्रेल में सीट नंबर, उचित ऊंचाई वाले, पीने के पानी के नल, सुलभ शौचालय, ट्रेन टिकट किराये में रियायत का प्रावधान, रेलिंग के साथ मानक रैंप, अंतर-प्लेटफॉर्म स्थानांतरण की सुविधा के लिए एस्केलेटर, ब्रेल लिपि वाले पुश बटन वाले लिफ्ट और रेलवे स्टेशनों के प्रवेश बिंदुओं पर विशिष्ट क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं, बूथ आदि शामिल हैं। सन्यासी बेहरा ने रेलवे के फ्रंटलाइन कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे दिव्यांग यात्रियों को उनकी यात्रा को आरामदायक और स्वतंत्र बनाने के लिए हर संभव मार्गदर्शन सुनिश्चित करें। प्रमोद कुमार बेहरा, मंडल कार्मिक अधिकारी, खोरधा रोड ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।

# किट में ब्लू इकोनॉमी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

- भारत की ब्लू इकोनॉमी को आगे बढ़ाने में ओड़िशा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी: उपमुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर सिटी नॉलेज इनोवेशन क्लस्टर (बीसीकेआइसी), ब्रिक-आइएलएस और आइआइटी रोपड़ के सहयोग से ब्लू इकोनॉमी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दुनिया भर के नीति निमार्ताओं, शोधकर्ताओं और छात्रों सहित 800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने सतत विकास को आगे बढ़ाने में समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमता पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में व्यावहारिक चर्चाएं, प्रदर्शनियां और ओड़िशा की समुद्री विरासत और संसाधनों का लाभ उठाने पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम में समुद्री जैव प्रौद्योगिकी, जलीय कृषि और पर्यटन में विशेषज्ञता रखने वाली 50 स्टार्टअप कंपनियों को भी प्रदर्शित किया गया, जो ब्लू इकोनॉमी परिदृश्य में ओडिशा की बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 500 किलोमीटर से अधिक की विस्तृत तटरेखा के साथ, ओड़िशा भारत के समुद्री क्षेत्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ राजेश गोखले ने समुद्री संसाधनों के दोहन के आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र एक आर्थिक इंजन प्रदान करते हैं जिसमें मत्स्य पालन, पर्यटन और जैव प्रौद्योगिकी शामिल हैं, जो सालाना अरबों का योगदान करते हैं। उन्होंने बायोमैन्युफैक्चरिंग जैसे नवाचारों के बारे में भी बात की, जो जैव इंधन और बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों सहित टिकाऊ अनुप्रयोगों के लिए समुद्री जैव विविधता का उपयोग करते हैं। ओड़िशा, अपनी आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 574.7 किलोमीटर की तटरेखा के साथ, जैव प्रौद्योगिकी प्रगति को आगे बढ़ाने की अपार क्षमता प्रदान करता है। पीएसए के वैज्ञानिक सचिव डॉ परविंदर मैनी और ब्रिक-आइएलएस के निदेशक डॉ देबाशीष दाश तथा किट के डीजी आरएंडडी और इनोवेशन तथा केआइआइटीटीबीआइ के सीइओ डॉ मृत्युंजय सुअर ने भी जैव प्रौद्योगिकी प्रगति से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक की नीली अर्थव्यवस्था के अवसरों पर अपने विचार साझा किये। किट और केआइएसएस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने बेहतर आजीविका और रोजगार सृजित करने के लिए नीली अर्थव्यवस्था की क्षमता पर जोर दिया। यह सम्मेलन समुद्री संसाधनों का स्थायी उपयोग कर-के भारत के अपने विकास मॉडल को आकार देने की दिशा में एक कदम है। किट-डीयू के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।


# निफ्ट भुवनेश्वर ने 39वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) भुवनेश्वर ने 22 जनवरी 2025 को अपने 39वें स्थापना दिवस को उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। भारत में पहला निफ्ट परिसर होने के नाते, यह अवसर फैशन शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार के अपने अद्वितीय सफर का स्मरण था। दिन की शुरूआत एक वॉकाथन से हुई, जिसके बाद उत्साहित फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों द्वारा एक शानदार फ्लैश मॉब प्रस्तुत किया गया। नफ्ट भुवनेश्वर के निदेशक राजेश कुमार झा ने इस आयोजन का उद्घाटन किया और संस्थान की धरोहर को सेलिब्रेट करने के लिए प्रतिभागियों के साथ शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए, निदेशक राजेश कुमार झा ने निफ्ट भुवनेश्वर की उपलब्धियों, मील के पत्थरों और फैशन उद्योग में इसके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्थान के वैश्विक स्तर पर एक शीर्ष रैंक वाले फैशन संस्थान में परिवर्तन की सराहना की और एक सकारात्मक विरासत छोड़ने और निफ्ट द्वारा प्रदान किये गये अवसरों को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया। 1986 में नयी दिल्ली में स्थापित निफ्ट ने भारत में 19 परिसरों के नेटवर्क में विस्तार किया है। वर्ष 2006 निफ्ट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जब भारतीय संसद ने संस्थान को स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर अपनी डिग्री प्रदान करने का अधिकार दिया।

निफ्ट अपने 40वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, चार दशकों की उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशिता का जश्न मनाने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी है। इस मील के पत्थर को चिह्नित करने के लिए, निफ्ट की महानिदेशक, तनु कश्यप (आइएएस) द्वारा संस्थान के समृद्ध इतिहास और दूरदृष्टि को दशार्ने वाला एक स्मारक लोगो का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने वर्षभर चलने वाले एक विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य निफ्ट की उपलब्धियों को उजागर करना और फैशन उद्योग में रचनात्मकता और नेतृत्व को प्रेरित करना है। कई वरिष्ठ योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया, जिनमें डॉ प्रो बिनया भूषण जेना, डॉ संतोष तराई, गंगाधर मलिक, संदीप कर्मकार, चंद्रमणि साहू, एनसी राउत और सुबल सामल शामिल हैं। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने उपस्थित लोगों को प्रेरणा और ऊर्जा के साथ आने वाले वर्ष के लिए उत्साहित कर दिया।




JOB VACANCY

सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए

एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-

- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For Life planning Officer (LPO)

Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus

Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.

Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP

नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।

Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi

M.: 7004800036, 9905678089 (W)




FURNITURE PLANET

A Unit of Supreme Techno (India)


Manufacturing Unit of Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture

LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND

Web: www.supremetechnoindia.com

Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi

9570040095, 9570007788




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**